26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : बुधवार, 11 फरवरी, 2026

अंक- 109 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# उत्तर प्रदेश में 9.13 लाख करोड़ का बजट पेश

## 6 करोड़ लोग गरीबी रेखा से हुए ऊपर

## 40 लाख टैबलेट बांटे जाएंगे, 10 लाख नौकरी...

### बढ़ी प्रति व्यक्ति आय

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने आज विधानसभा में 9.19 लाख करोड़ का बजट पेश किया। अपने बजट भाषण में सुरेश खन्ना ने जानकारी दी कि कृषि उत्पादन में उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है। कहा कि युवाओं को रोजगार के लिए प्रशिक्षण पर हमारा लक्ष्य है। यूपी में एग्री एक्सपोर्ट हब बनाए जाएंगे। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत लाखों किसानों को फायदा पहुंचाया गया। हमारी सरकार ने रिकॉर्ड गन्ना भुगतान किया है। वित्तमंत्री ने कहा कि पिछले और वर्तमान कार्यकाल में प्रदेश का सर्वांगीण विकास हुआ है, चाहे कानून व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण हो, अवस्थापना सुविधाओं का विस्तार हो, औद्योगिक निवेश हो, रोजगार सृजन हो, महिलाओं का सशक्तीकरण हो, युवाओं का कौशल संवर्धन हो, किसानों की खुशहाली हो, गरीबी उन्मूलन हो।



वित्त मंत्री ने बताया कि प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय 1,09,844 रूपये आकलित हुयी है जो वर्ष 2016-2017 में प्रति व्यक्ति आय 54,564 रूपये के दो गुने से अधिक है। वर्ष 2025-2026 में प्रति व्यक्ति आय 1,20,000 रूपये होने का अनुमान है। प्रदेश में हम लगभग 6 करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से ऊपर उठाने में सफल हुये हैं। बेरोजगारी की दर 2.24 प्रतिशत रह गयी है।

### नोएडा एयरपोर्ट पर 5 रनवे बनेंगे

नोएडा एयरपोर्ट पर पांच रनवे बनाए जाएंगे।

### 400 करोड़ से छात्राओं को स्कूटी दी जाएंगी

माध्यमिक शिक्षा के लिए 22167 करोड़ की योजना प्रस्तावित है। उच्च शिक्षा के लिए 6195 करोड़ की योजना प्रस्तावित है। छात्राओं को 400 करोड़ से स्कूटी दी जाएंगी। शिक्षा व सामाजिक कल्याण के लिए भी बजट बढ़ाया गया है।

### 25 करोड़ से बनेंगे नवीन गोदाम

रासायनिक उर्वरकों के भंडारण के लिए 150 करोड़ की योजना प्रस्तावित है। नवीन गोदामों के लिए 25 करोड़ की योजना प्रस्तावित की जा रही है।

**(बजट सम्बंधी खबरें पेज 8-9 पर)**

## सुप्रीम कोर्ट बंगाल में हिंसा पर सख्त

## एनआईए को निर्देश- हाईकोर्ट में रिपोर्ट फाइल करें

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद हिंसा मामले में जांच की संवेदनशीलता को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी टिप्पणी की है। कोर्ट ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से कहा कि वह यूएपीए कानून के तहत अपनी कार्रवाई की रिपोर्ट कोलकाता हाईकोर्ट में दाखिल करे। साथ ही सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को भी निर्देश दिया गया कि अगर उन्हें एनआईए जांच पर कोई आपत्ति है, तो वे हाईकोर्ट में अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। इस दौरान कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि हाईकोर्ट केंद्र के निर्णय की वैधता भी देख सकती है।

**तुरन्त आवश्यकता**

इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये

- अलमीरा कारीगर- 10
- पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
- सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2

सम्पर्क करें- मो. 7017517607, 9389076177




Address: Shree Dayaram Treaders Chandpur Road, Near Kohinoor Banquet Hall, Bijnor (U.P.)

Mob.: 7455025144

Email Id :- chandpur3678@bachpangbbal.com



कृण्वन्तो विश्वमार्यम्

आर्य समाज 150 स्वर्णिम वर्ष मानव सेवा के 1875-2025

आप सभी देशवासियों, आर्य बंधुओं को

क्रांति के महान अग्रदूत, समाज सुधारक आर्य समाज के संस्थापक

**महर्षि दयानंद सरस्वती जी**

की 202वीं जयंती की

**हार्दिक शुभकामनाएं**

देवानंद आर्य, प्रधान | मनोज अग्रवाल एड., मंत्री | जगदीश प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष

आर्य समाज, धामपुर (बिजनौर)

हर्ष शर्मा, प्रबंधक | बीना शर्मा, प्रधानाचार्या

दयानंद वैदिक पूर्व माध्यमिक विद्यालय धामपुर (बिजनौर)

# केशव बस्ती में हुआ विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन






**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगर की केशव बस्ती स्थित पुरानी तहसील परिसर में मंगलवार की सायं एक विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन भव्य रूप से किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों की उपस्थिति रही।

सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सहजिला कार्यवाह श्रीमान सनत ने संघ की 100 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर बौद्धिक दिया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार डॉक्टर हेडगेवार जी द्वारा स्थापित संघ विचार ने देश सेवा की भावना को मजबूत किया तथा देश विभाजन के कठिन समय में सैकड़ों स्वयंसेवकों ने अपने प्राणों की आहुति देकर हिंदू परिवारों को पाकिस्तान से सुरक्षित भारत लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, बिजनौर विभाग प्रचारक श्रीमान क्रांति ने हिंदुत्व एवं पंच परिवर्तन विषय पर अपने विचार रखे। उन्होंने वर्तमान समय में परिवारों में बढ़ते मोबाइल उपयोग पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे बच्चे एवं बड़े अपने परिवार और संस्कारों से दूर होते जा रहे हैं, जिसे सुधारने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में बस्ती के बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। बच्चों ने गणेश वंदना, सरस्वती वंदना, डॉक्टर हेडगेवार के जीवन पर आधारित नाटक तथा पंच परिवर्तन विषय पर नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन दीपांशु जैन द्वारा किया गया। सम्मेलन में एडवोकेट प्रशांत वशिष्ठ, दीपांशु वर्मा, रितेश भटनागर, रजत दीक्षित, हरि ओम, अनूप खन्ना, ऊषा शर्मा, मंगेश जी, वंदना जैन जी, अवनीश गौड़, अंकुर गोयल (गोयल ट्रेडर्स), अनुराग गर्ग सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




## घर के मचान से गिरकर बालिका की मौत

### परिवार में कोहराम मचा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** एक किशोरी की घर के मचान से गिरकर मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। स्थानीय मुहल्ला मिर्दगान वार्ड 31 में रहने वाले शकील की 16 वर्षीय पुत्री ज़किया कल देर शाम कोई सामान रखने के लिए घर के मचान पर चढ़ रही थी कि अचानक पैर फिसलने से वह मचान से सिर के बल नीचे गिर गई। आनन-फानन में उसे डाक्टर के पास ले जाया गया। डाक्टर ने ज़किया को मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मचा है। ज़किया को सुपुर्दे खाक कर दिया गया है।

## नेशनल टीम में शामिल हुये उमंग तातरान, विद्यालय प्रबंधन ने किया सम्मान

**हल्दौर ( चिंगारी )।** जी.एस.एन. इंटरनेशनल एकेडमी में कक्षा 12 के छात्र एवं नेशनल शूटर उमंग तातरान के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उमंग तातरान ने दिल्ली स्थित डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज पर गत 4 जनवरी को आयोजित 66वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप की 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल यूथ प्रतियोगिता में 533 अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन करते हुए नेशनल टीम में स्थान प्राप्त किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। उमंग तातरान को रेलवे क्रॉसिंग से ढोल-नगाड़ों, बैंडबाजों के साथ जुलूस के रूप में विद्यालय लाया गया। विद्यालय प्रबंधक रघुराज सिंह नागर ने छात्र उमंग तातरान को पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा उसकी इस उपलब्धि को विद्यालय के लिए गौरव का क्षण बताया। साथ ही उन्होंने उमंग के पूरे परिवार को भी मंच पर आमंत्रित कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रवक्ता विकास पंकज ने उमंग तातरान को बधाई देते हुए कहा कि उमंग की यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER
इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।
आज ही अपना स्कूटर RIZTA घर ले जायें।
फाइनेंस सुविधा उपलब्ध
*कम से कम बिना डाउन पेमेंट पर
*बिना कागजात
*मात्र 15 मिनट में फाइनेंस उपलब्ध है।
*कम कागजी कार्रवाई
आर्मी मैन व पुलिसकर्मियों के लिये 5,000/- रुपये की आकर्षक छूट
अब एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर की सर्विस सेंटर आपके धुव्रिका मोटर्स पर उपलब्ध है।

एथर इलैक्ट्रिक असली इलैक्ट्रिक
एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर शोरूम के लिये आवश्यकता है।
सेल्स एग्जीक्यूटिव Male & Female
मैकेनिक Male
Experiance Minimum 1 Years
( समय - 11:00 बजे से 1:00 बजे तक )
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# श्रद्धापूर्वक मनायी पंडित दीनदयाल की पुण्यतिथि

## पंडित जी के विचारों से प्रेरणा लें- सूर्यप्रकाश पाल

**बिजनौर ( चिंगारी )।** आज भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी एवं जनसंघ के प्रमुख विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि के संदर्भ में जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी की अध्यक्षता तथा जिला उपाध्यक्ष वेदप्रकाश विश्वकर्मा के संचालन में गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सूर्यप्रकाश पाल ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवन जीवन पर प्रकाश डालते हुए सभी से उनके पदचिन्हों पर चलने का आह्वान किया।

साथ ही पूर्व जिलाध्यक्ष /भूमि विकास बैंक के डायरेक्टर, महेंद्र धनौरिया ने उनके एकात्म मानववाद और सादगीपूर्ण जीवन संगठनात्मक विस्तार संगठन मूल्य और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अंत्योदय की दिशा में किये जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला।

गोष्ठी में मुख्य रूप से पूर्व विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह, पूर्व विधायक कमलेश सैनी, पूर्व एमएलसी सुबोध पाराशर, वरिष्ठ भाजपा



गोष्ठी को संबोधित करते हुए श्री सूर्यप्रकाश पाल।

नेता डॉ. बीरबल सिंह, सीपी सिंह, महिला आयोग की सदस्य संगीता अग्रवाल, ब्लॉक प्रमुख चौ. तपराज सिंह देशवाल, विजेंद्र चौधरी, आकांक्षा चौहान व अंकित चौधरी, जिला महामंत्री विनय राणा, जिला उपाध्यक्ष दिनेश सैनी, पूनम गोयल, जिला कोषाध्यक्ष केके रवि, मायापाल जिला मीडिया प्रभारी विक्रांत चौधरी, पूर्व प्रमुख विनोद राठी, सुधींद्र कुमार, शोभित त्यागी, जितेंद्र राजपूत, संजीव गुप्ता, नगर अध्यक्ष अंकुर गौतम, पुष्पराज कमल, वरुण आत्रे, वरुण राजपूत, मंजित चौधरी, कुंवरदीप देशवाल, हेमंत कुमार, अश्विनी कुमार पंडित, वीरेन्द्र शर्मा, संजू प्रधान, प्रतीका राठी आदि उपस्थित रहे।

अंत्योदय एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता, महान राष्ट्रचिंतक, युगदृष्टा पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने उन्होंने अपने विचारों और जीवन से हमें सिखाया कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का उत्थान ही सच्चे राष्ट्र निर्माण का मूल आधार है। उनका समर्पित जीवन, दूरदर्शी चिंतन और राष्ट्रहित सर्वोपरि की भावना आज भी हम सभी के लिए मार्गदर्शक है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का व्यक्तित्व और कृतित्व सदैव असंख्य पीढ़ियों को राष्ट्रसेवा और जनकल्याण के पथ पर प्रेरित करता रहेगा।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

# धूमधाम से आयोजित किया वार्षिकोत्सव



**नहटौर ( चिंगारी )।** एमकेडी अग्रिम अकादमी में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बेहतरीन प्रस्तुति देकर उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया। इस दौरान मेधावी छात्रों को सम्मानित भी किया गया। बुधवार को आयोजित वार्षिक उत्सव कार्यक्रम 'नवतरंग' थीम पर रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक निदेशक राजेश अग्रवाल, कमला देवी, प्रबंधक अंकित अग्रवाल, प्रधानाचार्या श्रीमती तृप्ति अग्रवाल आदि ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में हाईस्कूल में टॉपर छात्र आयुष कुमार निवासी पाड़ला को प्रबंध समिति ने 5100 रुपये का चैक देकर सम्मानित किया। छात्रों द्वारा सरस्वती कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, जिसकी अतिथियों द्वारा जमकर सराहना की गई। इस अवसर पर नैना अग्रवाल, स्वर्ण अग्रवाल, शैली, सुरभि, रिया आदि मौजूद रही। कार्यक्रम का संचालन कुलदीपकांत शर्मा ने किया।

Hero
हीरो लाया है साल की शुरुआत में शानदार ऑफर
Hero

MEVRICK 440 पर पायें
50,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
XTREME 160 पर पायें
10,000 रुपये का कैश डिस्काउंट

फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध है!
आकर्षक उपहार
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9457937407

**भली लगे या बुरी...**

## सुनेत्रा की ताजपोशी की पीछे?-2

महाराष्ट्र में सुनेत्रा पवार की ताजपोशी की सियासी पटकथा को बीजेपी ने लिखा। सवाल उठ सकता है कि अगर सुनेत्रा शपथ नहीं लेतीं तो क्या बीजेपी की सियासी सेहत गड़बड़ा सकती थी, क्योंकि राज्य में बीजेपी के 132 और एकनाथ शिंदे की अगुआई वाली शिवसेना के 57 विधायक हैं। राज्य में बहुमत के लिए महज 145 सीटें चाहिए होती हैं। इस लिहाज से देखें तो बीजेपी की अगुआई वाली सरकार को कोई खतरा नहीं होने जा रहा था। अजीत पवार समेत एनसीपी के 41 विधायक पिछले चुनाव में चुने गये थे। अजीत के न रहने पर यह संख्या 40 रह गई है। लेकिन बीजेपी की चिंता दूसरी है। शरद पवार की राजनीतिक स्थिति भले ही ठीक ना हो, लेकिन जैसे ही दोनों एनसीपी का विलय होता, शरद ताकतवर होकर उभरते। महाराष्ट्र का यह चाणक्य एक बार फिर स्थापित होता और बीजेपी के लिए नई सिरदर्दी खड़ी हो जाती। शरद पवार इतने प्रभावी और सियासी रूप से तिकड़मी हैं कि बीजेपी के लिए संकट बनकर उभर जाते। उनकी प्रभावी सक्रियता के चलते शिवसेना के गुटों को भी एक करने की वे कोशिश कर सकते थे।

महाराष्ट्र में जिला परिषदों के चुनाव हो रहे हैं। पहले विधानसभा और बाद में स्थानीय निकाय चुनावों में कांग्रेस की अगुआई वाली महाविकास अघाड़ी को सफलता नहीं मिली। अजीत पवार के न रहने के चलते कांग्रेस को सक्रिय होना चाहिए था। अजीत की अगुआई वाले जिला परिषद उम्मीदवार उनके न रहने की वजह से थोड़े आशंकित और निराश भी हैं। इस निराशा को कांग्रेस भुना सकती थी। वह एनसीपी के उम्मीदवारों पर डोरे डाल सकती थी और अपने उम्मीदवारों को नए जोश से भर सकती थी। अजीत बेशक सत्ता में थे, लेकिन उन्हें विपक्षी खेमे के लिए अब भी हसरत भरी निगाह से ताकतवर नेता के रूप में देखा जा रहा था। अजीत के न रहने के बाद विपक्षी नेतृत्व के लिए आसमान खुल गया है। शरद पवार की उम्र हो गई है। शरद के बाहर जाने के बाद से ही कांग्रेस राज्य में कमजोर हुई है। सुप्रिया सुले का नेतृत्व ऐसा नहीं है कि वह राज्यव्यापी प्रभाव हासिल कर पाए। यह माहौल कांग्रेस के लिए ज्यादा उपयुक्त हो सकता है। समाप्त

# ईरान को सबक सिखाने के लिए साम दाम दंड भेद की नीति अपना रहे हैं ट्रंप

> अमेरिका का कहना है कि वह केवल परमाणु कार्यक्रम नहीं, बल्कि ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम, सशस्त्र समूहों को समर्थन और अपने नागरिकों के साथ व्यवहार जैसे मुद्दे भी बातचीत में शामिल करना चाहता है। दूसरी ओर तेहरान का रुख साफ है कि चर्चा केवल परमाणु कार्यक्रम पर होगी और उसे यूरेनियम संवर्धन का अधिकार मिलना चाहिए। ईरान का दावा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण है और वह हथियार बनाने की कोशिश नहीं कर रहा।

**▶▶नीरज कुमार दुबे**

यह कदम ऐसे समय आया है, जब ओमान में दोनों देशों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों के बीच बातचीत हुई है। कई सप्ताह की बयानबाजी और धमकियों के बाद शुरू हुई यह बातचीत तनाव कम करने की कोशिश मानी जा रही है, पर जमीन पर हालात अब भी तने हुए हैं। अमेरिका और ईरान के बीच तनातनी चरम पर होने के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक नया कार्यकारी आदेश जारी कर उन सभी देशों पर अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने की चेतावनी दी है, जो ईरान के साथ किसी भी तरह का व्यापार जारी रखेंगे। आदेश में शुल्क की दर तय नहीं की गई है, पर उदाहरण के तौर पर पच्चीस प्रतिशत का जिक्र है। साफ कहा गया है कि जो भी देश सीधे या परोक्ष रूप से ईरान से सामान या सेवा खरीदेगा, उस पर यह शुल्क लगाया जा सकता है। ट्रंप ने अलग से बयान देते हुए दोहराया कि ईरान को परमाणु हथियार नहीं मिलना चाहिए। यह कदम ऐसे समय आया है जब ओमान में दोनों देशों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों के बीच बातचीत हुई है। कई सप्ताह की बयानबाजी और धमकियों के बाद शुरू हुई यह बातचीत तनाव कम करने की कोशिश मानी जा रही है, पर जमीन पर हालात अब भी तने हुए हैं। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने ओमान में वार्ता को अच्छी शुरुआत बताया, लेकिन साथ ही कहा कि अविश्वास का माहौल गहरा है, खासकर इसलिए कि हाल ही में अमेरिका ने इजराइल के साथ मिलकर ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला किया था। ट्रंप ने भी वार्ता को बहुत अच्छा बताया, पर साथ में चेतावनी जोड़ी कि यदि समझौता नहीं हुआ तो नतीजे बहुत सख्त होंगे।



अमेरिका का कहना है कि वह केवल परमाणु कार्यक्रम नहीं, बल्कि ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम, सशस्त्र समूहों को समर्थन और अपने नागरिकों के साथ व्यवहार जैसे मुद्दे भी बातचीत में शामिल करना चाहता है। दूसरी ओर तेहरान का रुख साफ है कि चर्चा केवल परमाणु कार्यक्रम पर होगी और उसे यूरेनियम संवर्धन का अधिकार मिलना चाहिए। ईरान का दावा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण है और वह हथियार बनाने की कोशिश नहीं कर रहा। हम आपको बता दें कि इस तनातनी की जड़ें पिछले एक दशक में लिए गए फैसलों में हैं। वर्ष 2015 के परमाणु समझौते के तहत ईरान को सीमित स्तर तक यूरेनियम संवर्धन की अनुमति थी और उस पर सख्त निगरानी थी। बदले में उस पर लगे कई प्रतिबंध हटाए गए थे। लेकिन ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में वर्ष 2018 में इस समझौते से अमेरिका को अलग कर लिया था और कठोर प्रतिबंध फिर लगा दिए थे। तेल निर्यात, जहाजरानी और बैंक तंत्र पर पाबंदियों ने ईरान की अर्थव्यवस्था को भारी चोट दी। जवाब में ईरान ने समझौते की कई शर्तों से आगे बढ़कर संवर्धन करना शुरू कर दिया।

बीते वर्षों में हालात और बिगड़े। वर्ष 2020 में ईरानी कमांडर कासिम सुलेमानी अमेरिकी हमले में मारे गए, जिससे टकराव खतरनाक स्तर पर पहुंच गया। फिर संयुक्त राष्ट्र में प्रतिबंध फिर लगाने की कोशिशें हुईं। वर्ष 2025 में अमेरिका ने इजराइल के साथ मिलकर ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला किया, जिसके बाद ईरान ने कतर में एक अमेरिकी ठिकाने पर मिसाइल दागी, हालांकि जान का नुकसान नहीं हुआ। पिछले वर्ष पश्चिमी देशों के प्रयास से संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सैन्य प्रतिबंध फिर लागू हुए।

अब ताजा कदम के तहत अमेरिका ने ईरानी तेल और पेट्रो रसायन से जुड़े पंद्रह संस्थानों और कई जहाजों पर भी प्रतिबंध लगाए हैं। उधर इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सुरक्षा मंत्रिमंडल की बैठक बुलाकर ईरान को चेताया कि किसी भी हमले का जोरदार जवाब मिलेगा। उनका कहना है कि अमेरिका के साथ तालमेल बहुत गहरा है, इसलिए अंतिम फैसला ट्रंप ही करेंगे। ट्रंप ने भी कहा है कि ईरान बातचीत इसलिए कर रहा है, क्योंकि वह अमेरिकी हमले से बचना चाहता है और अमेरिकी नौसैनिक बेड़ा इलाके में आगे बढ़ रहा है। सवाल यह है कि क्या यह पूरी कवायद शांति की राह है या दबाव की राजनीति का नया दौर? ट्रंप का शुल्क हथियार दरअसल आर्थिक घेराबंदी का विस्तार है। संदेश साफ है कि जो ईरान से नाता रखेगा, वह अमेरिकी बाजार से हाथ धो सकता है। यह नीति कई देशों को कठिन दुविधा में डालेगी, खासकर वे देश जो ऊर्जा जरूरतों के लिए ईरानी तेल पर निर्भर हैं। इससे वैश्विक ऊर्जा बाजार, समुद्री रास्तों की सुरक्षा और पश्चिम एशिया की सामरिक स्थिरता पर सीधा असर पड़ेगा। सामरिक दृष्टि से यह रस्साकशी खतरनाक है। एक ओर बातचीत चल रही है, दूसरी ओर युद्ध की तैयारी जैसे संकेत दिए जा रहे हैं। बेड़े की तैनाती, मिसाइल की चर्चा और प्रतिबंधों की बौछार मिलकर ऐसा माहौल बनाते हैं, जहां एक छोटी चिंगारी भी बड़े संघर्ष में बदल सकती है। ईरान भी झुकने के मूड में नहीं दिखता और वह बार-बार अपने अधिकार की बात दोहरा रहा है।

बहरहाल, हकीकत यह है कि न तो केवल दबाव से समाधान निकलेगा, न केवल बयान से। यदि दोनों पक्ष सच में टकराव टालना चाहते हैं तो उन्हें भरोसे की बहाली, चरणबद्ध रियायत और स्पष्ट लक्ष्यों की राह पकड़नी होगी। वरना शुल्क, प्रतिबंध और हमले का यह चक्र पूरे इलाके को अस्थिर कर देगा और इसका असर दुनिया की अर्थव्यवस्था और सुरक्षा पर दूर तक जाएगा। अभी भी समय है कि शक्ति प्रदर्शन की जगह समझदारी दिखाई जाए, नहीं तो आने वाले दिन और ज्यादा उथल-पुथल लेकर आ सकते हैं। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## संन्यास धर्म की दीक्षा ग्रहण

**प्रेरक-प्रसंग**

स्वामी श्रीरामराजा जी महाराज का जन्म पाटन, जिला उन्नाव में हुआ था। वह उनतीस वर्ष की आयु में बंबई (अब मुंबई) में नौकरी कर रहे थे। एक बार उनके हृदय में वैराग्य की भावना प्रबल हो उठी और वह सारा काम-काज छोड़कर तीर्थाटन के लिए निकल पड़े। तीर्थाटन करते हुए बदरिकाश्रम पहुंचे और वहां संन्यास धर्म की दीक्षा ग्रहण की। कई वर्षों तक वह वहीं भगवान की भक्ति में लीन रहे। इसके बाद वह फतेहपुर जिले के मालवा गांव आए और वहां लगभग बारह वर्षों तक मौन धारण किए रहे। बारह वर्षों तक मौन रहने के कारण स्वामी श्रीरामराजा जी महाराज की ख्याति दूर-दूर तक फैल गई। एक वर्ष मालवा गांव में अकाल पड़ गया, जिससे समस्त गांववासी संकट में पड़ गए। बचे हुए अनाज भी समाप्त होने लगे और वर्षा का कोई नामो-निशान नहीं था। खेतों में दरारें पड़ गईं। गांववासियों ने सोचा कि यदि इस वर्ष खेती नहीं हो पाई, तो पूरा गांव भुखमरी का शिकार हो जाएगा। गांव वाले अपनी समस्या लेकर स्वामी श्रीरामराजा जी के पास पहुंचे। स्वामी श्रीरामराजा जी ने अपना मौन व्रत तोड़ दिया और बोले, 'सब ठीक हो जाएगा। मेरे साथ खेत में चलो।' खेत पर पहुंचकर स्वामी श्रीरामराजा जी ने लोगों से कहा, 'मन में भगवान का नाम लो।' इसके कुछ ही देर बाद जोरदार बारिश होने लगी और गांव में फिर से खुशहाली लौट आई।

# कांवड़ यात्रा के चलते वन-वे मार्ग पर बढ़ने लगे हादसे

## कहीं आवारा पशु, तो कभी वाहन चालकों की लापरवाही बन रही हादसों का सबब

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** कांवड़ यात्रा के चलते वन-वे किए गए मार्ग पर आवारा पशुओं एवं वाहन चालकों की लापरवाही से हादसे बढ़ने लगे हैं। मंगलवार को अफजलगढ़ से रेहड़ के बीच वन-वे मार्ग पर कई सड़क हादसे हुए। इन हादसों में दो कांवड़ियों सहित तीन लोग घायल हुए और कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। मंगलवार की तड़के रेहड़ बस स्टैंड के निकट अफजलगढ़ की ओर से जा रहे ट्रक का अगला पहिया फट जाने से ट्रक अनियंत्रित होकर सामने से आ रही थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम रायपुरी निवासी राजन सरीन की गन्ने से लदी ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गया, जिसमें दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हुए और काफी देर तक आवागमन बाधित रहा। उत्तराखंड के लक्सर क्षेत्र निवासी ट्रक चालक गुलजार पर लापरवाही से ट्रक चलाने का आरोप है। मंगलवार की दोपहर रेहड़ बस स्टैंड पर ही एक कार व बाइक की आमने-सामने की टक्कर में बाइक


हादसों के फोटो

सवार दो कांवड़िए राहुल पुत्र मुकेश एवं विजय पुत्र अमरपाल निवासीगण रुद्रपुर, जिला ऊधमसिंह नगर (उत्तराखंड) घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी अफजलगढ़ पहुंचाया गया। थाना अफजलगढ़ क्षेत्र के ग्राम सीरवासुचंद निवासी कदीर उस्मानी व मौ. हनीफ मंगलवार की शाम बाइक द्वारा अफजलगढ़ से कासमपुर गढ़ी की ओर आ रहे थे कि जिकरीवाला में उनकी बाइक के सामने अचानक कुत्ता आ गया, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर गिरी, जिसमें बाइक चालक कदीर उस्मानी गंभीर रूप से घायल हो गया और बाइक भी क्षतिग्रस्त हुई। कुल मिलाकर वन-वे व्यवस्था में निराश्रित पशुओं की आवारगी एवं वाहन चालकों की लापरवाही खतरनाक साबित होनी शुरू हो गई है। कांवड़ यात्रा के चलते जहां एक ओर आवारा पशुओं के सड़कों पर घूमने पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने की सख्त जरूरत है, वहीं दूसरी ओर वाहन चालकों को भी संयम बरतते हुए जल्दबाजी न करके बड़ी सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की जरूरत है, ताकि वह खुद भी सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित चलने में मदद करें।

# थाना बना अखाड़ा : फ़ैसले के लिए थाने पहुंचे किन्नरों के दो गुटों में जमकर मारपीट

**बिजनौर ( चिंगारी )।** किन्नरों के दो गुटों में चल रहा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा। मंगलवार को उस समय अफ़रा-तफ़री मच गई, जब किन्नरों के दोनों गुट थाने में ही भिड़ गए। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई और थाना परिसर किन्नरों की लड़ाई का अखाड़ा बन गया। दोनों तरफ से जमकर लात घूंसे चले। पुलिस ने दोनों गुटों को बामुश्किल अलग कराया और एक गुट की ओर से रिपोर्ट दर्ज कर ली। पुलिस ने 14 किन्नरों का शांतिभंग की आशंका में चालान किया है।

उल्लेखनीय है कि किन्नरों के दो गुटों में काफी समय से इलाके को लेकर विवाद

### 14 किन्नरों का चालान

चल रहा है। इसी विवाद के निपटारे के लिए दोनों पक्ष सोमवार को करीब 12 बजे शहर कोतवाली पहुंचे थे। बताया जाता है कि किन्नर गुरू रानी पक्ष शहर कोतवाली में पहले से मौजूद था। इसके बाद नैना व शबनम का गुट कोतवाली पहुंचा तो दोनों में एक-दूसरे को लेकर तनातनी हो गई। देखते ही देखते दोनों ओर से मारपीट शुरू हो गई। पुलिस अधिकारियों ने दोनों पक्षों को सख्त चेतावनी देते हुए भविष्य में कानून व्यवस्था भंग न करने की हिदायत दी। शहर कोतवाल धर्मेन्द्र सोलंकी ने बताया कि रानी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। नैना, शबनम, आचल व मुस्कान सहित 14 आरोपियों का चालान कर दिया है।

30-35 किन्नरों के बीच मारपीट होने पर कोतवाली जंग का मैदान बन गई। चारों तरफ चीख पुकार मच गई। शहर कोतवाल धर्मेन्द्र सोलंकी, दरोगा तेजवीर सिंह, कुलवीर सिंह ने महिला सिपाहियों की मदद से किन्नरों के दोनों गुटों को अलग किया। गुस्साये किन्नरों को पुलिस का खौफ नहीं था। पुलिस ने किन्नरों को बामुश्किल शांत किया।

# गणतंत्र दिवस शिविर में भाग लेकर लौटी महक का स्वागत

**बिजनौर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय एकता और नेतृत्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिल्ली कैंट में आयोजित राष्ट्रीय कैडेट कोर गणतंत्र दिवस शिविर में 1/30 यू.पी. बटालियन एनसीसी वर्धमान कालेज, बिजनौर की सीनियर अण्डर ऑफिसर महक ने प्रतिभाग किया। महक ने कर्तव्य पथ पर चलकर वर्धमान कालेज, बिजनौर एवं जिले का नाम रोशन किया। महक की कड़ी मेहनत का फल है कि उसने लगभग 10 कैम्प एवं साथ ही साथ आईजीसी कैम्प से चयनित होकर उत्तर प्रदेश डायरेक्टेट की टीम में प्रतिनिधित्व प्राप्त किया। आरडीसी-2026 शिविर की समाप्ति के उपरान्त एनसीसी निदेशालय (उ.प्र.) की ओर से जनभवन लखनऊ में अलंकरण समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें आर.डी.सी. 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राज्य के एनसीसी कैडेटों को सम्मानित किया गया। आरडीसी 2026 में उत्तर प्रदेश के स्वर्ण पदक विजेताओं में एसयूओ महक 30 यूपी बटालियन एन.सी.सी. बिजनौर भी रही।

मंगलवार को कैम्प से वापस आने पर महाविद्यालय द्वारा महक को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या प्रो. प्रीति खन्ना ने मेडल पहनाकर महक के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय परिवार से प्रो. टी.एन. सूर्य, प्रो. राजेश कुमार यादव, प्रो. शशिप्रभा, प्रो. मुकेश कुमार, डा. धर्मेन्द्र कुमार यादव, डा. जयदीप शर्मा, डा. रेनू चौहान एवं डा. आयुष बघेल उपस्थित रहे। इस अवसर पर वर्धमान कालेज, बिजनौर के एन.सी.सी. प्रभारी कैप्टन जे.के. विश्वकर्मा ने महक को सम्मानित करते हुए अन्य कैडेट्स को इससे सीख लेने की प्रेरणा दी।

# पंजाब नेशनल बैंक ने वृद्धाश्रम में बांटे कंबल, रेफ्रिजरेटर भेंट किया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के मंडल कार्यालय बिजनौर द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत मंगलवार को विदुर कुटी वृद्धाश्रम, दारानगर गंज में वृद्धजनों को कंबल वितरित किए तथा आश्रम को एक रेफ्रिजरेटर भी भेंट किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता पीएनबी के अंचल प्रबंधक, मेरठ कुलदीप सिंह राणा ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पंजाब



नेशनल बैंक समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाता आ रहा है और भविष्य में भी इसी प्रकार की सामाजिक गतिविधियां निरंतर जारी रखेगा। कार्यक्रम में पीएनबी मंडल प्रमुख बिजनौर अजीत कुमार पांडेय, डिप्टी सर्किल हेड बी.एस. चौहान तथा दारानगर गंज शाखा के प्रबंधक नौमान फ़रीदी की उपस्थिति रही। बैंक अधिकारियों ने वृद्धाश्रम के निवासियों से संवाद कर उनका हालचाल जाना और बैंक की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

# दहेज हत्या में पति को उम्रकैद, ससुर को 6 माह की सज़ा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सप्तम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री अशोक भारतेन्दु ने पत्नी की हत्या के आरोपी पति जितेंद्र को आजीवन कारावास और ससुर शेर सिंह को छह माह कारावास की सजा सुनाई है।



सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता पंकज कुमार चौहान के अनुसार किरतपुर थानांतर्गत ग्राम औरंगजेबपुर गुलाल उर्फ डबासोवाला निवासी मगन सिंह पुत्र लल्लू सिंह की पुत्री सरस्वती की शादी वर्ष 2014 में ग्राम शाहपुर सुक्खा निवासी जितेन्द्र पुत्र शेर सिंह के साथ हुई थी। शादी के दिन से ही सरस्वती के ससुराल वाले उससे दहेज में दो लाख रुपए की मांग करते थे। मांग पूरी न होने पर मारपीट करते थे। सरस्वती ने यह बात अपने पिता को बताई। मगन सिंह इस बारे में बात करने उसकी ससुराल गया तो उसके ससुराल वालों ने वही दहेज की मांग दोहराई। जब मगन सिंह ने दहेज देने में असमर्थता जताई तो उन्होंने सरस्वती को अपने घर ले जाने को कहा। इसके बाद भी वह बेटी को समझाकर अपने घर आ गए। 9 दिसम्बर 2017 की रात्रि में सूचना मिली कि सरस्वती के ससुराल वालों ने, उसके पति जितेन्द्र, ससुर शेर सिंह और नन्द पूनम ने सरस्वती की हत्या कर दी है। पुलिस ने इस मामले में चार्जशीट सरस्वती के पति जितेन्द्र और ससुर शेर सिंह के विरुद्ध न्यायालय में पेश की। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री अशोक भारतेन्दु ने सरस्वती की हत्या का अपराध सिद्ध होने पर सरस्वती के पति जितेन्द्र को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 302 के तहत आजीवन कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदंड, धारा 498 ए के तहत दो वर्ष कठोर कारावास और पांच हजार रुपये अर्थदंड, दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 4 के तहत दो वर्ष कारावास और पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है, जबकि ससुर शेर सिंह को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 498 ए और दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 4 के तहत छह-छह माह कारावास और एक-एक हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

# सनातन न कभी मिटा है, न कभी मिटेगा : सत्य देवानन्द

## धामपुर जंक्शन कॉलोनी में विशाल हिन्दू सम्मेलन आयोजित

**धामपुर (चिंगारी)।** धामपुर जंक्शन कॉलोनी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विवेकानंद बस्ती की ओर से आयोजित विशाल हिंदू सम्मेलन में सनातन परिवारों की सहभागिता रही। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वृंदावन धाम से पधारे संत सत्य देवानंद जी महाराज ने हिंदू समाज का आवाहन किया कि वह परिवार समाज देश एवं राष्ट्र के प्रति दायित्वों की अनुभूति रखते हुए तन मन और धन तीनों प्रकार से राष्ट्रीय भावना तथा राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने का संकल्प लें। उन्होंने कहां कि जो सनातन है वही शांश्वत है और जो शाश्वत है वही सनातन है। इस सनातन को मिटाने की घृणित मानसिकता रखने वाले न तो आज तक सनातन को मिटा पाए और न ही कभी मिटा पाएंगे।



कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते हुए वक्ता।

इस अवसर पर 7 वर्षीय बालिका गुनगुन ने देश भक्ति से परिपूर्ण प्रस्तुति दी। इसके अतिरिक्त लव और कुश के रूप में प्रिंस सैनी और कार्तिक सोम द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम को भरपूर प्रोत्साहन प्रदान किया। हिंदू सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि सत्य देवानंद जी महाराज, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक क्रांति कुमार, राष्ट्र सेविका समिति की मेरठ प्रांत की प्रांत सेवा प्रमुख श्रीमती तरुणा राणा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक अनिल कुमार ग्रोवर ने भारत माता के चित्र के समक्ष संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

सम्मेलन में पहुंची महिलाओं को फूल बाग कॉलोनी निवासी मीनू सिंह ने तथा पुरुषों को आयुष कुमार एवं संजीव कुमार ने मंगल तिलक किया। कार्यक्रम में धामपुर शुगर मिल के कारखाना महाप्रबंधक विजय कुमार गुप्ता ,श्रीमती पुष्पा गुप्ता, नूरपुर क्षेत्र की ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान ,हिंदू युवा वाहिनी के मुरादाबाद मंडल प्रभारी डॉ. एनपी सिंह, डॉ. शिखा सिंह, अभय शर्मा, मुकेश कश्यप, उपेंद्र तोमर, विकास अग्रवाल, दुर्गेश राठौर, सुनील राणा, विनोद राणा, मोना अग्रवाल, सीता रानी, अंशु तोमर, सीमा अग्रवाल, अनु पुष्पक, दीपा चौहान, दिनेश भारती, डॉ. शंकर लाल शर्मा, विनोद चंदन, मास्टर राजेंद्र सिंह, डॉ. देवेंद्र सिंह, भूतपूर्व सैनिक एवं समाजसेवी टीकम सिंह फौजी, मनोज चौहान, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला व्यवस्था प्रमुख अरुण भटनागर, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट एवं पतंजलि योग समिति के संरक्षक गजराज सिंह, दिनेश शर्मा, सतीश राणा आदि शामिल रहे। सम्मेलन की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक अनिल कुमार ग्रोवर ने की तथा संचालन डॉ. अर्चना कुंतल ने किया।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

## ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप ने किया नंदगांव में पुल का उद्घाटन



**धामपुर (चिंगारी)।** महाशिवरात्रि के अवसर पर शिवभक्त कांवडियों के मार्ग को लेकर नंदगांव में अस्थायी पुल का ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह ने शुभारम्भ किया। इस अस्थायी पुल को ब्लॉक व ग्राम पंचायत अपने व्यक्तिगत सहयोग से बनवाती हैं। ब्लॉक प्रमुख श्रीमती क्षमा हेमलता चौहान ने रुपए 11000/– की राशि अपने पास से भिजवाई। कावंड़ यात्रा मार्ग से जनपद मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहाँपुर, ऊधमसिंह नगर ( उत्तराखण्ड ) आदि स्थानों के लाखों कावंडियां निकलते हैं। हरिद्वार से आने वाले शिवभक्तों को इस मार्ग से होकर निकलने में 10 किमी का पैदल मार्ग कम पड़ता है। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह, ग्राम प्रधान पवन कुमार, बीडीसी नरेश कुमार, पंकज चौहान, नागेश शर्मा, महावीर सिंह, दयाराम भारती, खेम सिंह, सुरेश सिंह, अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

## कांवरतियों की सेवा के लिए रोटरी क्लब ने लगाया शिविर

**धामपुर (चिंगारी)।** नगर की अग्रणी सामाजिक संस्था रोटरी क्लब इंडस्ट्रियल एरिया की ओर से कांवड़ में जल भरकर गंतव्य स्थानों को जा रहे शिव भक्तों की सेवार्थ शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में रोटेरियन बंधुओं ने जहां शिवभक्तों को प्रसाद वितरण किया, वहीं उनकी कांवड़ को अपने कंधों पर धारण करके उनको प्रसाद ग्रहण करने की सुविधा भी प्रदान की। नगीना मार्ग स्थित जेके सोप प्रतिष्ठान के बाहर रोटरी क्लब इंडस्ट्रियल एरिया के अध्यक्ष विवेक अग्रवाल, सचिव सरदार गगनदीप सिंह चावला, कोषाध्यक्ष शिवम नंदा, प्रोजेक्ट चेयरमैन रोटेरियन एसपी सलूजा के संयोजन में आयोजित शिविर में पूर्व अध्यक्ष विपिन मिश्रा, डॉ. एनपी सिंह, डॉ. आदित्य अग्रवाल, मनीष गर्ग, शिवेंद्र अग्रवाल, डॉ. पुलकित माहेश्वरी, सरदार गुरदीप सिंह चावला रोमी, डॉ. राजमोहन विश्वास, सरदार अजीत सिंह चावला, पवन सलूजा एडवोकेट, स. सतपाल सिंह चावला, ललित गर्ग, संजय वर्मा. वरुण गर्ग, संजीव वर्मा, अनुपम गोयल, सत्येंद्र चौधरी, मुदित अग्रवाल आदि ने सेवा की।

## 12 फरवरी को मनेगी ऋषि दयानन्द की जयंती

**धामपुर (चिंगारी)।** आर्य समाज के संस्थापक ऋषि दयानंद सरस्वती के 202 वें जन्मदिवस के अवसर पर नगर में दो स्थानों पर कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। आर्य समाज धामपुर के प्रधान देवानंद आर्य, मंत्री मनोज अग्रवाल एडवोकेट ,कोषाध्यक्ष जगदीश प्रताप सिंह ने बताया कि महर्षि दयानंद सरस्वती जी के जन्म दिवस पर 12 फरवरी बृहस्पतिवार को प्रात: 8:30 बजे हवन यज्ञ 9:30 बजे ध्वजारोहण व 10 बजे उपदेश का आयोजन किया जाएगा इसके अलावा वैदिक यज्ञ प्रचार समिति, धामपुर द्वारा 12 फरवरी बृहस्पतिवार को टीचर्स कॉलोनी स्थित सत्य धाम धर्मशाला में प्रात: 8:30 बजे हवन, 9:30 बजे से वेदों देश एवं भजन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय में खड़े दुपहिया वाहनों का निरीक्षण किया

### 22 छात्रों पर ड्राइविंग लाइसेंस व 19 के पास हेलमेट भी नहीं

**धामपुर (बिजनौर)।** स्थानीय आरएसएम कॉलेज में प्राचार्या प्रो. रश्मि शर्मा रावल के संरक्षण एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रवि धनकड़ के नेतृत्व में एनएसएस छात्र इकाई द्वारा तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान की थीम पर किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्वयंसेवकों द्वारा लक्ष्य गीत के सामूहिक गायन के साथ किया गया। इसके उपरांत स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर स्थित पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया। जिसमें पाया गया कि पार्किंग में मौजूद कुल 30 मोटर बाइक सवारों में से 19 छात्रों के पास हेलमेट नहीं था, जबकि 22 छात्रों के पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं पाया गया। डॉ. रवि धनकड़ ने छात्रों को शीघ्र अपना ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने तथा भविष्य में बिना हेलमेट के कॉलेज परिसर में प्रवेश न करने की सख्त हिदायत दी। इसके साथ ही एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा आरएसएम कॉलेज तिराहे पर राहगीरों को रोककर दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट तथा चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने के लिए प्रेरित किया गया।

## आपदा प्रबंधन की जानकारी दी

**शिविर के अंतर्गत लखनऊ से प्रशिक्षण प्राप्त आपदा मित्र लवी मंसूरी एवं प्रीति चौहान ने आपदा प्रबंधन विषय पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने मॉक ड्रिल के माध्यम से पेशेंट लिफ्टिंग एंड मूविंग की तकनीकों का प्रदर्शन किया तथा बेसिक लाइफ सपोर्ट (सीपीआर) देने की प्रक्रिया को सरल एवं सटीक ढंग से समझाया। इसके साथ ही उन्होंने एसडीआरएफ द्वारा प्रदत्त आपदा प्रबंधन किट में उपलब्ध उपकरणों की उपयोगिता की जानकारी भी दी। इस अवसर पर प्राचार्या प्रो. रश्मि शर्मा रावल ने स्वयंसेवकों को स्वस्थ एवं फिट रहने के टिप्स देते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर ही सुरक्षित जीवन की नींव है। चीफ़ प्रॉक्टर प्रो. एस. एल. पाल ने सभी स्वयंसेवकों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की शपथ दिलाई। वरिष्ठ शिक्षक प्रो. शौराज सिंह ने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि एनएसएस के माध्यम से छात्र न केवल सामाजिक जिम्मेदारियों को समझते हैं, बल्कि स्वयं और समाज दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में एनएसएस स्वयंसेवकों की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।**

## विदाई पर 12वीं के छात्रों ने कल, साझा किये स्कूल में बिताये पल



**धामपुर (चिंगारी)।** एमकेडी चिल्ड्रेन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 12 के विद्यार्थियों का विदाई समारोह हर्षोल्लास से आयोजित किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। समारोह में विद्यार्थियों ने अपने शिक्षको और साथियों के साथ बिताये गये यादगार पल साझा किये। उनके द्वारा प्रस्तुत नाटक, विदाई गीत व खेलों की जमकर प्रशंसा की गई।

इस साल के Mr. farewell (Vaibhav sharma) और Miss farewell (Insha parveen) रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने Miss Farewell & Mr Farewell को पटका पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। विदाई समारोह में सभी शिक्षक और विद्यार्थी शामिल रहे।

# सावधानी से करें इंटरनेट का प्रयोग : डीएम




**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि आज के दौर में इंटरनेट एक बहुउपयोगी और बहुउद्देशीय उपकरण है, जो इंसानी जीवन के हर क्षेत्र में आवश्यक जरूरत बन चुका है। इंटरनेट का उपयोग यदि सुरक्षित और जिम्मेदारी से न किया जाए तो उससे जान-माल दोनों असुरक्षित हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि आज एक ओर जहां इंटरनेट ने मानव जीवन की हर क्षेत्र में एक क्रांति पैदा कर दी है, वहीं इसके भयानक दुष्परिणाम भी सामने आ रहे हैं। साइबर फ्रॉड आज वैश्विक समस्या बन चुकी है। इससे बचने का एकमात्र तरीका यही है कि बहुत सावधानी और सजगता के साथ इसका प्रयोग करें और किसी भी लालच या जिज्ञासिया से वशीभूत होकर किसी भी अनजाने लिंक पर क्लिक न करें, क्योंकि वह साइबर फ्रॉड हो सकता है।

कार्यक्रम में एनआईसी एवं पुलिस साइबर सेल के विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को साइबर सुरक्षा, डेटा प्रोटेक्शन तथा ऑनलाइन जोखिमों से बचाव के तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, पुलिस साइबर सेल के विशेषज्ञ एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## हर थाने में है साइबर सेल

**जिलाधिकारी ने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा साइबर फ्रॉड एवं साइबर क्राइम से आम नागरिकों को सुरक्षित रखने के लिए साइबर सेल स्थापित किया है, जिसकी ब्रांचेस हर पुलिस थाने में स्थापित हैं। पुलिस साइबर सेल द्वारा न सिर्फ आम नागरिकों को साइबर फ्रॉड के प्रति जागृत किया जाता है, बल्कि साइबर फ्रॉड के शिकार लोगों की हर संभव मदद भी की जाती है। उन्होंने जनसामान्य का आह्वान किया कि अपनी व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित रखें और किसी अंजाने व्यक्ति से शेयर न करें, ऑनलाइन व्यवहार में सावधानी बरतें और यदि किसी दुर्भाग्यवश साइबर फ्रॉड के शिकार होने पर तत्काल पुलिस से संपर्क कर साइबर अपराध की रिपोर्ट दर्ज कराएं।**

# शिविर में ग्रामवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया




**हल्दौर (चिंगारी)।** राजा हरवंश सिंह इंटर कॉलेज हल्दौर की एनएसएस प्रथम इकाई का विशेष शिविर का पंचम दिवस योग दिवस तथा स्वास्थ्य परीक्षण दिवस के रूप में मनाया गया है। कार्यक्रम के आरंभ में स्वयंसेविकाओं द्वारा लक्ष्य गीत गाया गया। सामुदायिक चिकित्सा केन्द्र हल्दौर से आई डॉक्टर की टीम द्वारा ग्राम इनामपुरा के ग्रामवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वयंसेविकाओं ने घर-घर जाकर लोगों को तथा उनका स्वास्थ परीक्षण कराके नि:शुल्क दवाईयां वितरित करवाने में सहयोग किया गया। सामुदायिक चिकित्सा केंद्र हल्दौर से आई डॉ. आयुषी भारद्वाज, डॉ. उषा सिंह ने ग्रामवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा लोगों को डिवार्मिंग के विषय में विस्तार से जानकारी दी। स्वयंसेविकाओं ने ग्राम इनामपुरा के बच्चों को एलबेंडाजोल की गोलियां खिलाने में सहयोग किया। फार्मासिस्ट विकास ने ग्रामवासियों को दवाईयां वितरित कीं। इस अवसर पर श्रद्धा मिश्रा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ज्योति राय, अवनीश कुमार, सुधीर कुमार, ज्योति रानी उपस्थित रहे।

# स्कूल में धूमधाम से सम्पन्न हुआ विदाई समारोह

**बिजनौर (चिंगारी)।** नूरपुर रोड स्थित एएन इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को विदाई समारोह का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती को दीप प्रज्वलन व भोग लगाकर किया। इसके पश्चात बच्चों को टीका लगाकर उनका स्वागत कर विद्यालय में प्रवेश कराया। रंगारंग कार्यक्रम में कक्षा 11 के बच्चों ने सभी का दिल जीत लिया। मिस्टर एएन मन चौधरी व मिस एएन श्री चौधरी को चुना गया। इसी क्रम में मिस्टर क्रिएटिव सक्षम व मिस्टर एकडमिक पूर्वांश श्रीवाल व काकुल को भी सम्मानित किया। प्रधानाचार्य ने सभी बच्चों को उनके आगामी भविष्य के लिये शुभकामनाएं दीं। वहीं डॉ. पीके सिंह ने बच्चों के सर्वोच्च पद पहुंचने का आशीर्वाद दिया। अशोक जैन ने भी सभी बच्चों पर भरपूर प्रेम लुटाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अर्जुन कुमार, नीरज, आतिश, प्रभा चौहान, रचना शर्मा, नेहा शर्मा व प्राची, शिवा व अर्चना चौधरी का योगदान रहा।



# 40 किलो मीटर पैदल चलकर कलेक्ट्रेट में धरना देने पहुंचे किसान

## अपनी जमीन को दबंगों से कब्जामुक्त कराने की मांग की



**चांदपुर (चिंगारी)।** खादर क्षेत्र के किसानों ने 40 किलोमीटर पैदल बिजनौर पहुंचकर कलेक्ट्रेट में दिया धरना तथा बाद में विभिन्न मांगों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन दिया गया।

चांदपुर तहसील के ग्राम नारनौर निवासी दर्जनों गरीब किसान पिछले 4 वर्षों से अपनी लगानी जमीन को दबंगों से कब्जामुक्त कराने की मांग कर रहे हैं। चकबंदी न होने के कारण सभी किसानों की जमीन मेरठ जिले की सीमा में चली गई थी, तभी से इन किसानों द्वारा तहसील दिवस में सैकड़ों प्रार्थना-पत्र दिए गए, परंतु किसी का भी समाधान नहीं किया गया। नारनौर का सरकारी आरसी सेंटर (कूड़ा घर) के किवाड़ व अंदर के पार्टीशन तोड़कर तथा पानी की टंकी के लिए आरक्षित जमीन पर भी दबंग लोगों ने कब्जा कर लिया है। इतना ही नहीं, दलालों ने जमीन को बिकवाने में गंगा जी को जाने वाले रास्ते में भी पिलर लगवाकर 1 मीटर रास्ता कम कर दिया है। किसान गजराज, जतिन, महिपाल, शेर सिंह, जॉनी, विजयपाल, जतिन, नरेंद्र सैनी, बाबू आदि ने 28 जनवरी को उपजिलाधिकारी को दिये पत्र में एक सप्ताह के अंदर लगानी जमीन पर कब्जा नहीं दिलाया गया, तो पीड़ित किसान अपने परिवारों के साथ 10 फरवरी को बिजनौर कूच करने की चेतावनी दी थी। मांग पूरी नहीं होने पर 10 फरवरी को किसानों ने नारनौर से बिजनौर तक पैदल यात्रा कर विरोध प्रदर्शन किया। संबंधित अधिकारी ने बताया कि ज्ञापन में दी गई मांगों को शीघ्र पूरा कराये जाने का भरोसा दिलाया। ज्ञापन देने वालों में सतीश कुमार, सागर सिंह, सुभाष कुमार, महिपाल सिंह, सुरेश कुमार, सौराज सिंह, नरेंद्र सिंह, खूब सिंह, चमनों देवी, किरन देवी, बृजपाल सिंह, बबलू सिंह, सूरज सिंह, गजराज सिंह आदि मौजूद रहे।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# 188 जोड़ों ने लिये फेरे, 30 का हुआ निकाह

## सामूहिक विवाह कार्यक्रम में दाम्पत्य सूत्र में बंधे 218 जोड़े

**किरतपुर (चिंगारी)।** प्रदेश सरकार द्वारा संचालित सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत किरतपुर में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 218 जोड़ों ने सात फेरों और निकाह के साथ वैवाहिक जीवन की नई शुरुआत की। समारोह में 30 मुस्लिम जोड़ों का निकाह तथा 188 हिंदू जोड़ों का विधि-विधान से विवाह संपन्न कराया गया। इस अवसर पर समारोह स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और बड़ी संख्या में परिजन, जनप्रतिनिधि तथा गणमान्य लोग मौजूद रहे। विवाह समारोह में दूल्हा-दुल्हनों को सरकार की ओर से निर्धारित सहायता सामग्री एवं उपहार भी प्रदान किए गए। इस मौके पर मौजूद अधिकारियों एवं अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद दांपत्य जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की सामूहिक विवाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बड़ी मदद साबित हो रही है और समाज में सकारात्मक संदेश भी दे रही है।



# सितारा बनकर आसमां में वही चमकते हैं डुबो देते हैं जो अपने आपको पसीने में..

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने दसवां बजट पेश किया। वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत किया। विधान चुनाव से पहले यह दूसरे कार्यकाल का आखिरी पूर्ण बजट है। वित्तमंत्री ने सदन में 9.12 लाख करोड़ का बजट पेश किया। इसमें निवेश, रोजगार, बुनियादी विकास और कल्याणकारी योजनाओं पर फोकस किया गया है। अपने बजट भाषण के दौरान वित्त मंत्री ने यह शेर पढ़ा- **सितारा बनकर आसमां में वही चमकते हैं / डुबो देते हैं जो अपने आपको पसीने में।**

वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि यूपी में 10 लाख युवाओं को रोजगार दिए जाएंगे। लड़कियों की शादी के लिए सरकार एक लाख रुपये देगी। यूपी का इस बार का बजट का आकार नौ लाख 12 हजार 696 करोड़ रुपये का है। पिछले बजट की तुलना में 12 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है।

वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि वर्ष 2026-27 का बजट पिछले वर्ष 2025-26 की तुलना में लगभग 12.9 प्रतिशत अधिक है। कुल बजट में पूंजीगत व्यय की हिस्सेदारी 19.5 प्रतिशत है। शिक्षा के लिए 12.4 प्रतिशत, स्वास्थ्य के लिए 6 प्रतिशत और कृषि एवं संबद्ध सेवाओं के लिए 9 प्रतिशत बजट का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि जहां भी अंधेरा है, वहां रोशनी पहुंचाना उनका सपना और संकल्प है।

वर्ष 2016-17 में 5,878 मेगावाट तापीय ऊर्जा उत्पादन क्षमता थी, जिसे बढ़ाकर वित्त वर्ष 2025-26 (दिसंबर 2025 तक) में 9,120 मेगावाट कर दिया गया है, जो 55.16 प्रतिशत की वृद्धि है। राज्य में अब तक 2,815 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित की जा चुकी हैं। 14 नये मेडिकल कॉलेजों की स्थापना और संचालन के लिए 1,023 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है। लखनऊ के कैंसर संस्थान के लिए 315 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा असाध्य रोगों के नि:शुल्क इलाज के लिए 130 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है।

वित्तमंत्री ने बताया कि वर्ष 2017 में एमबीबीएस सीटों की संख्या 4,540 थी, जिसे बढ़ाकर 12,800 किया गया है। वहीं पीजी सीटों की संख्या 1,221 से बढ़ाकर 4,995 की गई है।

सरकार ने चिकित्सा शिक्षा के लिए 14,997 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की है। वर्तमान में प्रदेश में कुल 81 मेडिकल कॉलेज हैं, जिनमें 45 सरकारी और 36 निजी क्षेत्र द्वारा संचालित हैं। इस समय 60 जनपद मेडिकल कॉलेज सुविधाओं से आच्छादित हैं, जबकि 16 ऐसे जनपदों में पीपीपी मॉडल के तहत मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है।

वित्तमंत्री ने कहा कि राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में 1,939 प्रवक्ता, 6,808 सहायक अध्यापक और 219 प्रधानाचार्यों समेत कुल 8,966 नियुक्तियों की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। इसके अलावा वर्ष 2017 से अब तक सहायता प्राप्त अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में 34,074 शिक्षकों का चयन किया गया है. बजट भाषण में वित्तमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से अब तक पुलिस विभाग में 1,83,766 पुरुष और 35,443 महिलाओं समेत कुल 2,19,000 से अधिक पदों पर भर्ती की गई है। इसके अलावा 1,58,000 पुलिसकर्मियों को पदोन्नति दी गई है। उन्होंने बताया कि इस समय 60,244 सिपाहियों का प्रशिक्षण जारी है, जबकि अराजपत्रित श्रेणी के 83,122 पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है।

वित्तमंत्री ने खन्ना ने कहा, सरकार ने बजट में शिक्षा पर 12.4 प्रतिशत और स्वास्थ्य पर 6 प्रतिशत धन आवंटित किया है। पूंजीगत खर्च पर 19.5 प्रतिशत बजट रखा गया है. सड़क और सेतु निर्माण के लिए 34468 करोड़ रुपए प्रस्तावित किए गए हैं। सड़कों के निर्माण और चौड़ीकरण के लिए 3 हजार करोड़ रुपए प्रस्तावित हैं। सिंचाई योजनाओं के लिए 18 हजार करोड़ रुपए प्रस्तावित हैं। स्वामी विवेकानंद युवा-सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत अब तक 49 लाख 86 हजार टैबलेट/स्मार्टफोन नि:शुल्क वितरित किए जा चुके हैं। प्रदेश में अब तक 90,000 मंगल दलों को प्रोत्साहन स्वरूप खेल सामग्री उपलब्ध कराई गई है।

वित्तमंत्री ने सुरेश खन्ना ने कहा, प्रदेश में नई योजनाएं के लिए 750 करोड़ रुपए प्रस्तावित हैं। अयोध्या में नई योजनाओं के लिए 100 करोड़ रुपए प्रस्तावित हैं। हमारी सरकार ने रोजगार के 10 लाख अवसर मुहैया कराए हैं। युवाओं को 40 लाख टैबलेट बांटे जाएंगे। फ्री टैबलेट और स्मार्ट फोन के लिए 2374 करोड़ रुपए प्रस्तावित हैं। इसके अलावा, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अन्तर्गत वर्तमान में संचालित 163 अभ्युदय केंद्रों पर 23,000 से ज्यादा युवाओं को मुफ्त कोचिंग प्रदान की जा रही है। युवाओं को सरकारी नीति निर्माण और क्रियान्वयन में सहभागिता प्रदान करने हेतु 108 आकांक्षात्मक विकास खंडों में मुख्यमंत्री फेलोशिप कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। वित्तमंत्री ने बताया कि यूपी आज कृषि उत्पादन में देश का अग्रणी राज्य है। गेहूं, धान, गन्ना, आलू, केला, आम, अमरूद, आंवला और मेंथा उत्पादन में राष्ट्रीय स्तर पर सबसे ज्यादा योगदान है। इतना ही नहीं, यूपी सबसे बड़ा मोबाइल फोन विनिर्माण केंद्र है। देश के कुल मोबाइल फोन उत्पादन का 65 प्रतिशत उत्पादन प्रदेश में होता है।





## राष्ट्रीय स्तर पर स्टार्ट अप रैंकिंग में लीडर श्रेणी हासिल

**भारत की 55 प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक्स कम्पोनेन्ट्स इकाईयां प्रदेश में स्थित हैं। प्रदेश का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 44,744 करोड़ रूपये तक पहुंच गया है। उद्योग और तकनीक में निवेश के साथ ही प्रदेश में नवाचार को बढ़ावा देने हेतु किए गए प्रयासों के फलस्वरूप उत्तर प्रदेश राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर स्टार्ट अप रैंकिंग में लीडर श्रेणी की रैंकिंग हासिल हुई है।**

## मोबाइल फोन विनिर्माण का बड़ा केंद्र यूपी

अब तक लगभग 15 लाख करोड़ रूपये के निवेश की लगभग 16 हजार से अधिक परियोजनाओं के 04 ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह सम्पन्न हो चुके हैं। उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बड़ा मोबाइल फोन विनिर्माण केन्द्र है। देश के कुल मोबाइल फोन उत्पादन का 65 प्रतिशत उत्पादन प्रदेश में होता है।

## प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी हुई

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि यूपी में प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी हुई है। गेहूं और आलू उत्पादन में उत्तर प्रदेश नंबर वन है। यूपी में निवेश तेजी से बढ़ रहा है। यूपी में छह करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं। हम यूपी में डाटा सेंटर बनाएं जाएंगे।

## फसल बीमा के तहत किसानों को क्षतिपूर्ति की गई

फसल बीमा के तहत किसानों को 51 लाख करोड़ की क्षतिपूर्ति की गई।

## कानून व्यवस्था की स्थिति सुदृढ़ हुई

कानून व्यवस्था की स्थिति सुदृढ़ हुई है। पुलिस अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई कर रही है। महिला अपराधों पर काफी कमी आई है।

## कृषि उत्पादन में उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने जानकारी दी कि कृषि उत्पादन में उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है। युवाओं को रोजगार के लिए प्रशिक्षण पर हमारा लक्ष्य है। यूपी में एग्री एक्सपोर्ट हब बनाए जाएंगे। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत लगभग लाखों किसानों को फायदा पहुंचा गया। हमारी सरकार ने रिकॉर्ड गन्ना भुगतान किया है।

## एग्री-एक्सपोर्ट हब की स्थापना होगी

विश्व बैंक सहायतित यूपी एग्रीज परियोजना के अन्तर्गत एग्री-एक्सपोर्ट हब की स्थापना कराई जाएगी। एसडीजी इंडिया इण्डेक्स में उत्तर प्रदेश की रैंकिंग जो वर्ष 2018-2019 में 29 वें स्थान पर थी, बेहतर होकर वर्ष 2023-2024 में 18 वें स्थान पर आ गयी है। राज्य सरकार द्वारा फरवरी, 2024 में चौथे ग्लोबल इन्वेस्टर्स सम्मिट का सफलतम आयोजन किया गया।

## महिलाओं के लिए अलग प्रशिक्षण केंद्र बनेंगे

**पीपीपी मोड में कौशल संवर्द्धन और जॉब प्लेसमेंट केंद्र विभिन्न जनपदों में स्थापित किए जाएंगे। इस व्यवस्था से कार्यबल में महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने के लिए महिलाओं के लिए अलग केंद्रों की स्थापना की जाएगी।**

## कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्रों की क्षमता बढ़ाई जाएगी

पढ़ाई के साथ-साथ युवाओं के कौशल संवर्द्धन की व्यवस्था की जानी होगी। हमारे कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्रों की क्षमता बढ़ाई जाएगी। नए केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इस अभियान में निजी क्षेत्र की सहभागिता भी सुनिश्चित की जानी होगी।

## युवाओं प्रशिक्षित किया जाएगा

ऐसे व्यक्ति जिनके पास किसी भी व्यवसाय में हस्तकौशल या निपुणता प्राप्त है, कभी भी बेरोजगार नहीं रह सकते। इसलिए युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगारपरक प्रशिक्षण और कौशल संवर्धन को प्राथमिकता के आधार पर मिशन मोड में संचालित किया जाना आवश्यक है।

## युवाओं को रोजगार के लिए सक्षम बनाना आवश्यक

एक तरफ जहां अर्थव्यवस्था में पूंजी निवेश और अवस्थापना विकास का महत्वपूर्ण योगदान है। वहीं प्रदेश की युवा जनशक्ति को रोजगार के अवसर प्रदान करने, उन्हें रोजगार के लिए सक्षम बनाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

## एग्री-एक्सपोर्ट हब की स्थापना होगी

विश्व बैंक सहायतित यूपी एग्रीज परियोजना के अन्तर्गत एग्री-एक्सपोर्ट हब की स्थापना कराई जाएगी।

## प्रदेश में कुल 113 नगरीय निकाय गठित

नगर विकास के तहत 26,514 करोड़ का प्रस्ताव है। प्रदेश में कुल 113 नगरीय निकाय गठित किए गए।

## सीवरेज की 74 परियोजनाएं स्वीकृत

गंगा सफाई के लिए सीवरेज की 74 परियोजनाएं स्वीकृत हुई। इनमें 41 परियोजनां पूरी होकर काम कर रहीं।

## एक्सप्रेसवे और मार्गों के चौड़ीकरण का भी ध्यान

एक्सप्रेसवे बनाने, फ्लाईओवर आदि के लिए 1500 करोड़ और मार्गों के मरम्मतीकरण व चौड़ीकरण के लिए 1 हजार करोड़ प्रस्तावित हैं।

## 2815 मेगावॉट की सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित

**हमारी सरकार द्वारा हरित और स्वच्छ ऊर्जा स्त्रोतों के विकास पर कार्य किया जा रहा है। प्रदेश में अब तक कुल 2815 मेगावॉट की सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित की जा चुकी हैं।**

## विद्युत उत्पादन क्षमता में हुई बढ़ोतरी

वर्ष 2016-2017 की 5,878 मेगावॉट ताप विद्युत उत्पादन क्षमता के सापेक्ष वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-2026 (माह दिसम्बर, 2025 तक) में 55.16 प्रतिशत बढ़ोतरी करते हुए 9120 मेगावॉट ताप विद्युत उत्पादन क्षमता प्राप्त की गई।

## फसल सघनता में हुई बढ़ोतरी

फसल सघनता जो 2016-2017 में 162.7 प्रतिशत थी, वर्ष 2024-2025 में 193.7 प्रतिशत हो चुकी है।

## सिंचित क्षेत्र में हुई बढ़ोतरी

वर्ष 2016-2017 में सिंचित क्षेत्र 2.16 करोड़ हेक्टेयर के मुकाबले प्रदेश में वर्ष 2024-2025 में 60 लाख हेक्टेयर अधिक अर्थात 2.76 लाख हेक्टेयर हो चुका है।

## कृषि उत्पादन में यूपी अग्रणी

प्रदेश, कृषि उत्पादन में देश का अग्रणी राज्य है। गेहूं, धान, गन्ना, आलू, केला, आम, अमरूद, आंवला और मेंथा उत्पादन में राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का योगदान सर्वाधिक है।

## लैंड-लॉक्ड प्रदेशों में यूपी प्रथम

सरकार की अवस्थापना-प्रधान विकास के प्रति प्रतिबद्धता का यह प्रमाण है कि राज्य ने नीति आयोग द्वारा माह जनवरी, 2026 में जारी एक्सपोर्ट प्रिपेयर्डनेस इंडेक्स,2024 में देश में लैंड-लॉक्ड प्रदेशों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

## प्रति व्यक्ति आय 1.20 लाख रुपये होने का अनुमान

वर्ष 2025-2026 में प्रति व्यक्ति आय 1,20,000 रुपये होने का अनुमान है। प्रदेश में हम लगभग 06 करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से ऊपर उठाने में सफल हुए हैं। बेरोजगारी की दर 2.24 प्रतिशत रह गई है।

## कृषि, ऊर्जा और महिला उद्यमिता पर बड़ा ऐलान



वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि मुख्यमंत्री 'सुरक्षा संकल्प योजना' को और प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा। मुख्यमंत्री महिला उद्यमी उत्पाद विपणन योजना के तहत स्वयं सहायता समूहों और महिला उद्यमियों द्वारा निर्मित उत्पादों की बिक्री सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। डीजल चालित पंपों को सोलर आधारित प्रणाली में परिवर्तित किया जाएगा।

## कानून व्यवस्था पर सरकार का क्या दावा




वित्त मंत्री ने कहा कि जनसामान्य की सुरक्षा और कानून व्यवस्था को मजबूत करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पुलिस व्यवस्था को और अधिक सक्षम और सुदृढ़ बनाया जा रहा है। सरकार का दावा है कि कठोर प्रयासों के चलते प्रदेश में अपराध की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। वर्ष 2016 के मुकाबले डकैती में 89 %, लूट में 85%, हत्या में 47%, बलवा में 70% और फिरौती के लिए अपहरण में 62% की कमी आई है।

## हथकरघा और टेक्सटाइल सेक्टर को बड़ा बूस्ट



वित्त मंत्री ने ऐलान किया कि हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग की योजनाओं के लिए 5,041 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। यह राशि 2025-26 की तुलना में पांच गुना से ज्यादा है। वित्त वर्ष 2026-27 में वस्त्रोद्योग क्षेत्र में 30,000 नए रोजगार सृजित करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश को गारमेंटिंग हब बनाने के लिए PM MITRA पार्क योजना के तहत विश्वस्तरीय मेगा टेक्सटाइल पार्क स्थापित किया जा रहा है।

## पुलिस और अग्निशमन विभाग को बजट में मजबूती



पुलिस विभाग के अनावासीय भवनों के निर्माण के लिए 1,374 करोड़ रुपये और आवासीय भवनों के निर्माण के लिए 1,243 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। नवसृजित जनपदों में पुलिस के आवासीय और अनावासीय भवनों के लिए 346 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। अग्निशमन केंद्रों के आवासीय और अनावासीय भवनों के निर्माण के लिए 200 करोड़ रुपये प्रस्तावित हैं।

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476


Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt
Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

# मदरसा मदीनतुल उलूम कोटकादर में दो रोजा जलसा व दस्तारबंदी

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** मदरसा इस्लामिया अरबिया मदीनतुल उलूम जामा मस्जिद कोटकादर में दो रोजा जलसा व तकरीब बुखारी शरीफ व दस्तारबंदी का आयोजन किया गया। जलसे की पहली नशिस्त ईंशा की नमाज के बाद मौलाना सलीम साहनपुरी की निजामत एवं मुफ्ती उवैस अकरम की सदारत में हुई। पहली नशिस्त में मुफ्ती रिफाकत उस्ताद हदीस दारुल उलूम वक्फ देवबंद ने खिताब किया व कारी आफताब आलम उस्ताद शोबा ए तजवीदो किरात दारुल उलूम देवबंद ने तिलावत ए कलाम ए पाक से आगाज किया। नात ए पाक हमजा अयाज बिजनौरी ने गुनगुनाई। ठाकुरद्वारा से आए मौलाना मोहम्मद शाहनवाज ने पहली नशिस्त को खिताब करते हुए बताया आमाल में वजन पैदा करने के लिए दो चीजों का होना जरूरी है। इखलास, शरीअत व सुन्नत के मुताबिक



जलसे को खिताब करते मौलाना व मंच पर मौजूद आलिम।

इख्लास के साथ किया गया थोड़ा सा अमल भी अल्लाह की निगाह में बड़ी अहमियत का हामिल होता है। उन्होंने कहा कि नौजवान बेटियों को बिना बुर्के के घर से बाहर न निकालें। मुफ्ती मोहम्मद खालिद मेरठ व मुफ्ती इफ्तिखार किरतपुरी ने भी खिताब किया। दूसरे दिन की सदारत मौलाना मोहम्मद असलम व तिलावत ए कलाम ए पाक का आगाज दारुल उलूम देवबंद से आए मौलाना कारी शफीकुर्रहमान उस्ताद शोबा ए तजवीदो किरात दारुल उलूम देवबंद ने किया। कन्नौज से आए शायर मुफ्ती तारिक जमील ने नात ए पाक का हदिया पेश किया। रामपुर से आए मौलाना मोहम्मद अंसार ने बयान करते हुए पर्दे पर रोशनी डाली। संभल से आए मौलाना मुफ्ती अब्दुल गफूर ने भी इस्लाही मुआशरे पर खिताब करते हुए कहा कुरान व हदीस पर अमल करते रहो तथा अपने बच्चों को मदरसे में तालीम हासिल के लिए भेजा करें। मौलाना मोहम्मद असलम ने मुल्क में अमनो अमान के लिए दुआ कराई। मौलाना मुनाजिर हसन नाजिम मदरसा हाजा ने आने वाले सभी मेहमानों का शुक्रिया अदा किया। इस अवसर मुफ्ती ताइब, मौलाना लईक मौलाना इम्तियाज मुफ्ती रिजवान, मौलाना शाकिर, मुफ्ती अफफान, मौलाना उसामा, मौलाना मुस्तजाब, मुफ्ती आफाक, मौलाना अफजल, मौलाना शाने आलम, हकीम कारी याहया अंसारी, कारी शमीम, कारी फुरकान, कारी महबूब, कारी तय्यब, कारी अब्दुल कदीम, कारी तौफीक, कारी हसन, कारी सद्दाम, कारी अरशद कारी जुबैर कारी तसलीम, कारी शाहनवाज, कारी मोहसिन, कारी महताब, हाफिज खलील आदि उलेमा ने शिरकत की।

# छात्राओं ने सड़क सुरक्षा अभियान के तहत जागरूकता पैदा की

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के रमा जैन कन्या महाविद्यालय, नजीबाबाद में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम अग्रवाल के दिशा-निर्देशन में एक दिवसीय प्रथम दिवस




का आयोजन सड़क सुरक्षा अभियान के अन्तर्गत किया गया। इस शिविर का उद्देश्य युवाओं में यातायात के नियमों का पालन करने के प्रति जागरूकता पैदा करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ एनएसएस गीत के द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय निदेशक डॉ. केसी मठपाल ने छात्राओं को सड़क सुरक्षा शपथ दिलायी। इसके बाद सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली सफलतापूर्वक निकाली गयी। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. मृदुला त्यागी ने स्वयं सेविकाओं को सड़क पर चलते हुए सतर्कता बरतने को कहा। सड़क पर दिन-प्रतिदिन हो रही दुर्घटनाओं से बचने के लिए यातायात के नियमों का पालन करना अत्यन्त आवश्यक है। सड़क सुरक्षा अभियान का उद्देश्य युवाओं व नागरिकों को परिवहन नियमों के प्रति जागरूक करना है। इस कार्यक्रम में डॉ. नेहा गौड़, डॉ. अंकुर अग्रवाल, डॉ. वरूण शर्मा, श्रीमती तबस्सुम, कु. निधि, श्रीमती नीशू राजपूत, श्रीमती सुनीता व कु. दीक्षा ने अपनी सक्रिय भूमिका निभायी। राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी स्वयं सेविकाओं ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

## सूचना

मेरे चार पुत्र हरपाल सिंह, जसराम, छोटे सिंह व जोगेंद्र है। जसराम व उसकी पत्नी पूजा व छोटे सिंह मेरे व मेरी पत्नि शान्ति देवी से अभद्र व्यवहार करते है। मैने इनके कृत्य से दुखी होकर इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनसे मेरा व मेरे परिवार का कोई ताल्लुक वास्ता नहीं रहा है। ये अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होगे।

**– मंगल सिंह पुत्र गरीबा सिंह, निवासी ग्राम शेरपुर अभी, पोस्ट राजपुर नवादा, थाना नांगल, पर. व तह. नजीबाबाद बिजनौर।**


# महाशिवरात्रि के मौके पर कांवरियों के लिए भंडारे का आयोजन

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** ओम श्री हरिहर विश्व सनातन बालाजी सेवा ट्रस्ट (रजि.) के तत्वावधान में महाशिवरात्रि पर्व के शुभ अवसर पर भोले कांवरियों के लिए निशुल्क भंडारा शिविर का आयोजन कोतवाली रोड आकाशवाणी के सामने किया गया, जिसमें भोले कांवरियों के लिए निशुल्क खाना, पानी, दवाई आदि की व्यवस्था की गई। भंडारा शिविर का उद्घाटन ट्रस्ट के महंत सचिन गुरु ने किया। शिविर में राकी गुप्ता, नरदेव कुमार विश्वकर्मा, बाबूराम सैनी, जोगेंद्र कुमार पाल, मुनेश कुमार सैनी, नरेंद्र कुमार रवि, दुर्गेश कुमार, अभिषेक सैनी, आशीष सैनी, गौरव, अमन सैनी, कपिल सैनी, अजय सैनी, मोहित सैनी, दीपक नामदेव, आशीष सैनी, धर्मेंद्र, आशीष सैनी, आकाश सैनी, महेंद्र सिंह आदि ने सहयोग किया।



# कांवड़िये कदम से कदम मिलाकर भोले का गुणगान करते हुए चल रहे

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )।** हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर जा रहे कांवडिये कदम से कदम मिलाकर भोले का गुणगान करते हुए चल रहे हैं। आस्था के आगे कांवड़ियों के पैर भी नहीं डगमगा रहे हैं। भगवा रंग में रंगे, कांधे पर कांवड़ लेकर कांवड़िए हरिद्वार के रास्ते बीच बीच में आराम करते हुए चले आ रहे है। इसके बाद शिवभक्त मोटा महादेव मंदिर पर पूजा अर्चना कर अपने गंतव्य की तरफ बढ़ रहे है। मंदिर के पुजारी शशिनाथ ने बताया कि कांवड़ियों की संख्या बढ़ती जा रही हैं। काशीपुर, जसपुर व मुरादाबाद आदि स्थानों के कांवड़िए इस समय मार्ग से होकर गुजर रहे है। सुंदर आकृतियों में कांवड़ बड़ी ही सुन्दर लग रही है। यह कांवड़ सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार पुलिस टीम के साथ लगातार कांवड़ यात्रा को सुगम बनाने में लगे हुए है। कांवड़ मार्ग पर जगह-जगह पुलिस का पहरा है। सीसीटीवी कैमरे से भी कांवड़ मेले की निगरानी की जा रही है।



# सत्यार्थ ग्रुप ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** सत्यार्थ ग्रुप ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सत्यार्थ सभा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संपन्न हुई, जिसमें राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित नजीबाबाद वासी युवा प्रतिभावान वंशिका वर्मा वंशू केंद्रीय लोक सम्पर्क अधिकारी एवं राष्ट्रीय महासम्मेलन प्रबंधक सर्वसम्मति से निर्वाचित हुई। आगामी तीन वर्षों के लिए राष्ट्रीय व प्रांतीय कार्यकारिणी का गठन करते हुए सत्यार्थ संवाद लाइव सेशन शो वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की उद्घोषणा के साथ हुआ। मीटिंग संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष आर्य रत्न डॉ. सौरभ आर्य व सुशील भाटिया चंडीगढ़ के सानिध्य व चंद्र किरण वर्मा देहरादून की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। पूर्व कार्यकाल पूर्ण होने पर संस्थागत सामूहिक प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से आगामी तीन वर्षों के लिए 15 जनवरी 2029 तक नई राष्ट्रीय व प्रांतीय कार्यकारिणी का गठन करते हुये राष्ट्रीय व प्रांतीय पदाधिकारीगण निर्वाचित हुए। प्रांतीय कार्यकारिणी में गायक राजकिशोर रिंकू आर्य यमुनानगर को हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष, हरिद्वार से कवि सचिन राणा को उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष, गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर आमिर सिद्दीकी को दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष, सुशील भाटिया चंडीगढ़ प्रदेश अध्यक्ष, नजीबाबाद से हर्षित वर्मा को उत्तर प्रदेशाध्यक्ष, पटना से सुप्रिया यादव को बिहार प्रदेश अध्यक्ष, भारत भूषण परिहार को जम्मू-कश्मीर प्रदेश अध्यक्ष, प्रख्यात योगाचार्य आचार्य हेमंत आर्य अजमेर को राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष, प्रशांत भावसार नागपुर को महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष, डॉ. आलोक सोनी दतिया को मध्यप्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। मीटिंग में पंडित संजय डबराल, विजय रावत, सुदेश वर्मा, किरण, कुलदीप वर्मा अंशू, सुदेश काम्बोज, पुष्पा वर्मा, मधु प्रमोद सिघंल, अर्जन सिंह आर्य, कल्याण सिंह, बिंदु शर्मा, महेश्वर यादव, शिवकुमार संध्या पाल, मनीष वैशाली काम्बोज, कुनाल, उर्वशी आदि सदस्यगण उपस्थित रहे।



## वंदे मातरम पर नई गाइडलाइन

# अब जन गण मन से पहले 3.10 मिनट तक बजेगा राष्ट्रगीत

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' को लेकर केंद्र सरकार ने नये दिशानिर्देश जारी किए हैं। ऐसे में अब राष्ट्रगान 'जन गण मन' से पहले राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' बजेगा। गृह मंत्रालय की ओर से जारी आदेश के अनुसार सरकार ने आधिकारिक मौकों पर 'वंदे मातरम' के छह अंतरा वाले संस्करण को बजाना या गायन अनिवार्य किया है, जिसकी कुल अवधि 3.10 मिनट होगी। राष्ट्रगीत के सभी छह छंद बजाए जाएंगे, जिनमें वे चार छंद भी शामिल हैं, जिन्हें कांग्रेस ने 1937 में हटा दिया था। नये दिशानिर्देशों के अनुसार यह नियम राष्ट्रीय ध्वज फहराने, कार्यक्रमों में राष्ट्रपति के आगमन, उनके भाषणों या राष्ट्र के नाम संबोधन से पहले और बाद में अनिवार्य तौर पर लागू किया गया है। इसी के साथ सरकारी कार्यक्रमों, सरकारी स्कूलों के आयोजन या अन्य औपचारिक आयोजनों में 'वंदे मातरम' बजाया या गाया जाएगा।




नई गाइडलाइन के मुताबिक 'वंदे मातरम' का पूरा आधिकारिक संस्करण, जिसमें छह लाइनें हैं और जो लगभग 3 मिनट 10 सेकंड का है, बड़े सरकारी मौकों पर गाया या बजाया जाएगा। निर्देश का एक खास पहलू यह है कि जब भी किसी कार्यक्रम में वंदे मातरम और राष्ट्रगान दोनों हों, तो राष्ट्रगान से पहले राष्ट्रगीत गाया जाना चाहिए।

भावार्थ के साथ पढ़िए पूरा वंदे मातरम गीत


मालूम हो कि राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' को बंकिम चंद्र चटर्जी ने 7 नवंबर 1875 को अक्षय नवमी के अवसर पर लिखा था। वंदे मातरम का वास्तविक गीत छह पदों का है, जिसमें दो पद संस्कृत के हैं, जबकि बाकी चार पद बंगाली में हैं। हालांकि इन चार पदों में संस्कृत के शब्दों का भी मिश्रण है। आइए इसके बारे में विस्तार से जानते हैं-

पहला पद- 'वन्दे मातरम। सुजलां सुफलां मलयजशीतलाम्, शस्यश्यामलां मातरम। वन्दे मातरम'।

इसका भाव है- मैं मां भारत को प्रणाम करता हूं, जो जल से भरपूर है, फल-फूलों से भरी हुई है, जिसे ठंडी और ताजी हवा (मलय) मिलती है, जिसका खेत-खलिहान हरे-भरे हैं, ऐसी मातृभूमि को मैं प्रणाम करता हूं।

दूसरा पद- 'शुभ्रज्योत्स्ना पुलकित यामिनीम्, फुल्लकुसुमित द्रुमदलशोभिनीम्, सुहासिनीं सुमधुर भाषिणीम्, सुखदाम् वरदाम् मातरम। वन्दे मातरम।'

इसका भाव है- मैं मां भारत को प्रणाम करता हूं, जो श्वेत चांदनी से जगमगाती रातों जैसी है, जो फूलों से लदी पेड़ों से सजी हुई है, जो मधुर मुस्कुराहट वाली और मीठी बोली वाली है, जो सुख और वरदान देने वाली है।




तीसरा पद- 'कोटि-कोटि कण्ठ कल-कल निनाद कराले, कोटि-कोटि भुजोधृत खरकरवाले, के बोले मां तुमि अबले, बहुबलधारिणी नमामि तारिणीम्, रिपुदलवारिणी मातरम। वन्दे मातरम'।

इसका भावार्थ है- करोड़ों लोगों के गले से तेरी जय-जयकार गूंज रही है। तेरे हाथों में कितने ही अस्त्र हैं, फिर भी कोई कहता है कि तू असहाय है? हम तेरी शक्ति और साहस को नमन करते हैं, जो दुश्मनों का संहार करने वाली है। हे वीर मातृभूमि, मैं तुझे नमन करता हूं।

चौथा पद- 'तुमि विद्या तुमि धर्म, तुमि हदि तुमि मर्म, त्वमहि प्राण: शरीर, बाहुते तुमि मां शक्ति, हृदये तुमि मां भक्ति, तोमारै प्रतिमा गढि मन्दिरे-मन्दिरे। वन्दे मातरम'।

इसका भावार्थ है- तुम ही ज्ञान हो, तुम ही धर्म हो, तुम ही हृदय और तुम ही आत्मा का सार हो। हमारे प्राण और शरीर में भी तुम ही हो, हे मां शक्ति। हृदय में तुम ही भक्ति हो। हम तुम्हारी मूर्तियां मंदिर- मंदिर में बनाते हैं।

पांचवां पद है- 'त्वमहि दुर्गा दशप्रहरणधारिणी, कमला कमलदलविहारिणी, वाणी विद्यादायिनी, नमामि त्वाम, नमामि कमलाम, अमलाम, अतुलाम, सुजलां सुफलां मातरम। वन्दे मातरम'।

इसका भावार्थ है- तुम ही दुर्गा हो, दस हाथों में अस्त्र धारण करने वाली, तुम ही लक्ष्मी हो, कमल के फूलों में रहने वाली, तुम ही वाणी और विद्या देने वाली हो। मैं तुम्हें नमन करता हूं, तुम्हें नमन करता हूं, जो निर्मल और अतुल्य हो, जो सजीव, फल-फूल वाली माता हैं।

छठवां पद- 'श्यामलाम् सरलाम् सुस्मिताम् भूमिताम, धरनीम् भरनीम् मातरम। वन्दे मातरम'।

इसका भावार्थ है- हे मां, तू हमारी आन, शान और सुख-संपत्ति की स्रोत है। ऐसी मातृभूमि को मैं प्रणाम करता हूं।

### सिनेमा हॉल को नये नियमों से दूर रखा गया

**हालांकि नये नियमों में सिनेमा हॉल को इससे दूर रखा गया है। जिसका मतलब है कि फिल्म शुरू होने से पहले सिनेमाघरों में 'वंदे मातरम' बजाना और खड़ा रहना जरूरी नहीं होगा।**

### सम्मान में हर व्यक्ति का खड़ा होना अनिवार्य

गाइडलाइंस में आगे बताया गया है कि इस दौरान सम्मान में हर व्यक्ति का खड़ा होना अनिवार्य होगा। इसी के साथ गृह मंत्रालय ने शैक्षणिक संस्थानों से यह भी कहा है कि वे रोजाना स्कूल में प्रार्थना या जरूरी शैक्षणिक कार्यक्रम में 'वंदे मातरम' गीत को बढ़ावा दें। इस कदम का मकसद छात्रों और आम लोगों में राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति जागरूकता और सम्मान को बढ़ावा देना है।

# पेंशन क्रांति महासम्मेलन की सफलता के लिए किया विद्यालयों-कार्यालयों में संपर्क



**बिजनौर (चिंगारी)।** 15 फरवरी को इंदिरा बाल भवन बिजनौर में होने वाले पेंशन क्रांति महासम्मेलन की सफलता को लेकर जनपद के विद्यालयों एवं कार्यालयों में शिक्षकों एवं कर्मचारियों से अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी ज़ोन प्रभारी चंद्रहास सिंह, डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राजेश रवि एवं विद्युत प्रावधिक कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष लोकेन्द्र चौधरी के नेतृत्व में संपर्क किया गया। इस अवसर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने पेंशन क्रांति महासम्मेलन की सफलता के लिए सहयोग एवं समर्थन व अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। सिंचाई संघ के राजकीय वाहन चालक महासंघ, डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन विद्युत प्राविधिक कर्मचारी संघ, उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ आदि संगठनों ने महासम्मेलन को पूर्ण समर्थन दिया। इस दौरान कलेक्ट्रेट मिनिस्टीरियल कर्मचारी संघ के मंडल अध्यक्ष सतीश चौधरी, जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार, जिला मंत्री सुधांशु शर्मा, राज्य संयुक्त कर्मचारी परिषद के जिला संरक्षक देशराज सिंह, जिला अध्यक्ष धीरज कुमार, सिंचाई संघ के जिला अध्यक्ष सुरभी सिंह, इरिगेशन मिनिस्टीरियल कर्मचारी संघ के जिला कोषाध्यक्ष विरेंद्र कुमार, माधुरी गौड़, फूलचंद सिंह चंदेल, मोहित शर्मा, निकुल कुमार, पुनीत अग्रवाल, विजयपाल सिंह, हेमराज गौतम, अमर सिंह, राजीव कश्यप, लतीफ अहमद, विपिन कुमार, संजय सेन, संजय त्यागी, त्रिलोक चंद, ममता शर्मा, दीपक कुमार, मेहताब अहमद, पवन कुमार, संजुल त्यागी, अंशुल कुमार, दीपक कुमार आदि से सम्पर्क किया गया।



# संघ के स्वयंसेवकों ने यातनाएं झेलीं, पर डिगे नहीं - नीरज






**शस्त्र भी रखें और शास्त्र का ज्ञान भी लें- स्वामी सहजानन्द**

**स्योहारा ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हिंदू धर्म, संस्कृति एवं समाज के पोषक विषयों की पुन: स्थापना की संकल्पना से विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन मंगल लिपी फार्म हाऊस में हुआ। सर्वप्रथम भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। बच्चों द्वारा सास्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम अध्यक्षता अशोक कुमार व संचालन वरूण चौहान ने किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राष्ट्र देव पत्रिका के संपादक, संघ प्रचारक नीरज ने कहा कि संघ 100 वर्षों की यात्रा पूर्ण कर चुका है। यह ऐतिहासिक पल है हम सभी के लिए। संघ के स्वयंसेवक हमेशा राष्ट्र के लिए तैयार रहते हैं। राष्ट्र के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सभी यातनाएं झेलीं, लेकिन डिगे नहीं। विभाग कार्यवाह मुकेश गुप्ता ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते पंच परिवर्तन के विषय पर प्रकाश डालते हुए भारतीय संस्कृति और संस्कारों की जानकारी दी। मुकेश गुप्ता ने कहा कि हमें स्वदेशी अपनाना चाहिए। हमें अपने संस्कारों को बचाकर रखना है, परिवार के सभी लोग साथ मिलकर सुबह-शाम पूजा करें। निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी सहजानन्द जी महाराज ने कहा कि गीता, गाय, गुरू, गंगा की रक्षा करनी है। सभी हिन्दुओं को ये प्रण करना चाहिए हम शस्त्र भी रखें और शास्त्र का ज्ञान भी लें, तभी हम लोग एक रह पाएगें। इस दौरान डाक्टर मनोज वर्मा, सीपी सिंह, पूर्व सांसद शीशराम रवि, देशबंधु, अर्पित त्यागी, नोनी त्यागी, डाक्टर जगवीर सिंह, राजीव विश्नोई, अनिल कुशवाहा, चेयरमैन सुशील कुमार उर्फ बंटी, दुर्गा सिंह, वरुण कुमार, दिनेश कुमार शर्मा, ओमकार सिंह, मनोज कुमार, आशुतोष त्यागी, प्रशांत चौहान, हर्षित, गजेन्द्र कुमार, कपिल त्यागी, सुशील कुमार उर्फ बंटी, गौतम सिंह, शेर सिंह, संजीव चौहान, राहुल, विपिन, सुधीर, सुरेश कुमार, अनंतराम, डाक्टर विनीत देवरा आदि मौजूद रहे।

# आग में झुलसे वृद्ध मजदूर की मौत

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** ग्राम जीतपुर खास निवासी बाबूराम ( 65 वर्ष ) पुत्र लल्लू सिंह ग्राम खानपुर में स्थित एक पावर-कोल्हू में परिवार सहित भट्ठी झोंकने का कार्य करता था तथा रात को कोल्हू परिसर में ही डाली गयी झोपड़ी में रहता था। 6 फरवरी की रात्रि झोपड़ी में अज्ञात कारण से आग लग गयी थी और बाबूराम आग में गंभीर रूप से झुलस गया था। जिला अस्पताल से रैफर किये जाने पर परिजनों ने उसे एम्स, ऋषिकेश में भर्ती कराया था, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई थी। कल दोपहर बाबूराम की मृत्यु हो गई।

# प्रेमी के साथ गई प्रेम दीवानी किसी की भी बात नहीं मानी

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** ग्राम जालपुर से 10 दिन पूर्व लापता हुई युवती को कल पुलिस ने थाना कोतवाली देहात क्षेत्र से बरामद कर लिया। युवती अपने गैर सम्प्रदाय के प्रेमी के संग ही जाने की जिद पर अड़ी रही, जिसके बाद पुलिस ने युवती को प्रेमी के परिजनों की सुपुर्दगी में दे दिया। नांगल थानांतर्गत ग्राम जालपुर से एक 22 वर्षीय युवती विगत एक फरवरी की शाम घर से लापता हो गयी थी। उसी रात्रि में युवती के पिता ने नांगल थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस तभी से युवती को तलाश रही थी। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि कल युवती को थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम अकबराबाद के बस स्टैंड से बरामद कर लिया गया। थाने में मौजूद युवती ने मां-बाप से बात करने से भी इंकार कर दिया। युवती ने बताया कि उसने अपने दूसरे सम्प्रदाय के प्रेमी से कोर्ट मैरिज कर ली है। वो उसी के साथ रहेगी। बीजेपी, आरएसएस के नेता-कार्यकर्ता भी थाने पहुंचे। युवती की इच्छा के आधार पर पुलिस ने उसे उसके प्रेमी के परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

## सम्बंध विच्छेद सूचना

मेरे पिता बल्ले सिंह व मां बाला देवी की मृत्यु के बाद मेरा भाई आकाश कुमार पुत्र स्वर्गीय बल्ले सिंह जो कि गलत संगत में पड़ चुका है, यह आएदिन मेरे साथ गाली-गलौच व अभद्र व्यवहार करता है। मैंने वह मेरे ताऊ कन्हैया सिंह व चाचा महेन्द्र सिंह ने इसे काफी समझाने की कोशिश की, परंतु यह मानने को तैयार नहीं है। मैं उसके इस अभद्र व्यवहार से तंग आकर अपने भाई आकाश कुमार से अपने सारे सम्बंध विच्छेद करती हूं। आज के बाद से मेरा इससे कोई मतलब वास्ता नहीं रहेगा। इसके द्वारा किये गये जो भी अच्छे-बुरे कार्य होंगे, उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**- नेहा कुमारी पुत्री स्वर्गीय बल्ले सिंह, निवासी ग्राम शिवपुरी, थाना व परगना अफजलगढ़, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर।**

# वर्धमान कॉलेज शिक्षक संघ पदाधिकारियों ने शपथ ली



**बिजनौर ( चिंगारी )।** मंगलवार को वर्धमान कालेज बिजनौर के शिक्षक संघ की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। नवगठित कार्यकारिणी में अध्यक्ष के रूप प्रो. शशिप्रभा (प्रभारी हिन्दी विभाग), सचिव के रूप में डा. चारूदत्त आर्य (प्रभारी अर्थशास्त्र विभाग), उपाध्यक्ष डा. धर्मेन्द्र कुमार यादव, संयुक्त सचिव- डा. राजीव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष्ज्ञ- डा. दिव्यांजन तथा प्रो. नीरज कुमार, डा. अवनीश अरोड़ा, डा. रेनू चौहान, डा. कुलदीप तथा डा. चेतना शाक्य ने सदस्य के रूप में शिक्षक संघ संविधान का अनुसरण करते हुये कर्त्तव्य निर्वहन की शपथ ली एवं शिक्षक हितों के प्रति निष्ठा व्यक्त की। सभी उपस्थित सदस्यों ने नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं तथा सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर रूटा अध्यक्ष प्रो. मुकेश कुमार, वर्धमान कालेज शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष प्रो. एसके जोशी तथा अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# फिर हुई साइबर ठगी 4 लाख की चपत लगी

**चांदपुर ( चिंगारी )।** पुलिस प्रशासन के द्वारा बार-बार सर्तक किये जाने के बाद भी लोग साइबर अपराधियों के हाथों ठगे जा रहे हैं। साइबर ठगों के झांसे में आकर एक व्यक्ति ने 4 लाख रूपए गंवा दिए। थाने में दी गई तहरीर में क्षेत्र के ग्राम मदारीपुर निवासी महीपाल सिंह ने बताया कि 8 फरवरी की शाम को उसके मोबाइल पर व्हाट्सएप वीडियो कॉल आई, कॉल करने वाला व्यक्ति पुलिस वर्दी में था तथा उसके तीन स्टार लगे थे। कॉल करने वाले व्यक्ति ने उसका एटीएम व आधार नम्बर दिखाया। उसके बाद उसके मोबाइल नंबर पर दूसरे मोबाइल नंबर से फोन आया, कॉल करने वाले व्यक्ति ने अपने आपको सीबीआई डिपार्टमेंट से बताते हुए उसके बैंक खातों की जानकारी ली तथा उसके खाते से 4 लाख रूपए आरटीजीएस के द्वारा अपने खाते में ट्रांसफर करा लिये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली। मालूम हो कि इससे पूर्व भी क्षेत्र के अनेक लोग साइबर अपराधियों के झांसे में आकर अपने पैसे गंवा चुके हैं।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# आर.आर. पब्लिक स्कूल में हुई ब्रेन क्वेस्ट प्रतियोगिता



आरआर पब्लिक स्कूल में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित हुई।

**नूरपुर ( चिंगारी )।** स्योहारा रोड स्थित आरआर पब्लिक स्कूल में ब्रेन क्वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा एक से कक्षा दस तक के 253 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। स्कूल के उपप्रधानाचार्य टीकम सिंह के अनुसार कक्षा एक से सानवी चौहान प्रथम, रियांश त्यागी द्वितीय, उत्कर्ष चौधरी तृतीय, कक्षा दो से आदि शर्मा प्रथम, आकृति द्वितीय, काव्या यादव तृतीय, कक्षा तीन से रेयांश चौहान प्रथम, आरव चौहान द्वितीय, कार्तिक तृतीय, कक्षा चार से तनीसी चौधरी प्रथम, आराध्या वशिष्ठ द्वितीय, सत्यम चौहान तृतीय, कक्षा पांच से जीविका आर्य प्रथम, मानिक चौहान द्वितीय, अक्षिता कर्णवाल तृतीय, कक्षा छह से तनिष्क चौहान प्रथम, विलेसी कौर द्वितीय, हर्षवर्धन सिंह तृतीय, कक्षा सात से अन्या चौहान प्रथम, कंगन द्वितीय, विट्ठल यादव तृतीय, कक्षा आठ से निकुंज राजपूत प्रथम, ध्रुव द्वितीय, मनी कर्णिका तृतीय, कक्षा नौ से युवराज सिंह सिसोदिया प्रथम, करण यादव द्वितीय, आयुष वर्मा तृतीय, कक्षा दस से अहम यादव प्रथम, देवांग त्यागी द्वितीय, सार्थक चौहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता ने सफल सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

# हेड कांस्टेबल और महिला आरक्षी का आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने से हड़कम्प

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** एक ही थाने में तैनात हेड कांस्टेबल और महिला सिपाही की बेहद आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने से हड़कम्प मच गया। एसपी ने दोनों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। मामला पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। आपत्तिजनक वीडियो में मौजूद हेड कांस्टेबल व महिला सिपाही दोनों विवाहित हैं, दोनों एक ही थाने में तैनात हैं और थाना परिसर से अलग-अलग सरकारी आवासों में फिलहाल हेड कांस्टेबल अपनी पत्नी के साथ व महिला सिपाही अपने पति के साथ रहते हैं।

आपत्तिजनक/अश्लील वीडियो आखिर किसने बनाई और

**एसपी ने दोनों को किया सस्पेंड**

क्यों प्रसारित की, इसके बारे में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। मामला संज्ञान में आने पर दोनों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही भी की गई है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने हेड कांस्टेबल और महिला सिपाही को मंगलवार को निलंबित कर दिया है। साथ ही विभागीय जांच के आदेश दिये हैं।

बता दें कि हेड कांस्टेबिल और महिला सिपाही पिछले दो साल से थाना रेहड़ में तैनात हैं। करीब दस दिन पहले पुलिस के ग्रुप पर कई अश्लील वीडियो पोस्ट किये गये थे। बाद में यह वीडियो आम लोगों तक पहुंच गये। मामला एसपी तक पहुंचा तो उन्होंने सीओ अफजलगढ़ को जांच सौंपी। जांच में पता चला कि हेड कांस्टेबिल और महिला सिपाही रेहड़ थाने में तैनात हैं।

## जिला संघ चालक देवेन्द्र जी के बड़े भाई का निधन



फाइल फोटो

**चांदपुर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला संघ चालक देवेन्द्र जी के बड़े भाई जंग बहादुर सिंह का बीती रात हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। उनकी आयु लगभग 72 वर्ष थी। उनके निधन की खबर से उनके ग्राम स्याऊ स्थित आवास पर शोक व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। वे अपने पीछे भरे पूरे परिवार को छोड़ गये है। आज दोपहर गंज स्थित गंगा घाट पर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। उनकी अंतिम यात्रा में सैकड़ों लोग शामिल हुए। संघ के जिला प्रचारक दीप्तिमान जी, जिला कार्यवाह प्रदीप कुमार, नगर संचालक कृष्ण कुमार, नगर कार्यवाह सुनील शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं ब्लाक प्रमुख पुत्र कपिल चौधरी, अर्पित गोयल, अशोक कुमार नेताजी, पुष्पेन्द्र सिंह आदि ने शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को यह दारुण दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। चिंगारी परिवार की ओर से हार्दिक शोक संवेदना।

## कांवरतियों की सुविधा के लिये नगर पालिका ने की पूरी तैयारी

**नहटौर ( चिंगारी )।** कावड़ यात्रा मार्ग का नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ओम गिरि ने निरीक्षण किया। ईओ ने प्रकाश व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, जल व्यवस्था, शौचालय सुविधाओं और सेवा शिविरों की समीक्षा की। अधिशासी अधिकारी ने वरिष्ठ लिपिक विशेष उपाध्याय, शाहज़ेब आलम, हर्ष जैन, सलीम अहमद, अतुल राज, गजेंद्र, अकरम इब्राहिम और नरेंद्र आदि के साथ मार्ग का निरीक्षण किया। ईओ ने कांवड़ मार्ग पर विशेष रूप से सफाई व्यवस्था पर ध्यान देने के निर्देश दिये। कांवड़ियों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो। उसके लिये मार्ग पर प्रकाश, जल और शौचालय की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

## टांडा माईदास में संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती के उपलक्ष्य में हुआ विशाल भंडारा

**रायपुर सादात ( चिंगारी )।** नगीना देहात क्षेत्र के गांव टांडा माई दास में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती के उपलक्ष्य में भंडारे का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। उपस्थित श्रद्धालुओं ने गुरु जी के बताए मार्ग पर चलने और उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया गया, जिसमें संगत ने गुरु रविदास जी के भजनों का गुणगान किया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि संत रविदास जी ने समाज को समानता, भाईचारा और मानवता का संदेश दिया। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। भंडारे में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने



प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति के सदस्यों ने व्यवस्था को सुचारु रूप से संभाला। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा और कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। संत शिरोमणि रविदास जी के भव्य भंडारे में क्षेत्र के गण मान्य लोग मौजूद रहे, जिनमें परम संत शिरोमणि गुरु रविदास कमेटी के प्रबंधक सुमेर सिंह उर्फ राणा जी कमेटी सचिव शेर सिंह, प्रधान पद हेतु भावी उम्मीदवार उदेन कुमार, विधायक प्रतिनिधि दीपक चौधरी, अनूप जाटव, पूर्व प्रधान लायकराम, अमित पहलवान, डॉ. सुशील कुमार, सतीश कुमार, विमल कुमार, रविंद्र डीलर, सोनू कुमार, करन डीलर, सोनू कुमार, विकास कुमार, महेंद्र सिंह, विमल कुमार, राजीव गौतम, कलन कुमार, मीनू कुमार, धर्मेंद्र कुमार अक्षय कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## बाजार में हार्ट अटैक से किसान की मौत

**नहटौर ( चिंगारी )।** बाजार में खरीदारी करने आये एक किसान की अचानक मौत हो गयी। मंगलवार की दोपहर खरीदारी करने आए 62 वर्षीय किसान राजवीर सिंह उर्फ मन्नू की अचानक तबीयत बिगड़ने से मृत्यु हो गई। प्रारंभिक तौर पर उनकी मौत का कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है। परिजनों के अनुसार, खरीदारी के बाद मोहल्ला मौलवियान में घर लौटने के लिए हेलमेट पहनते समय उन्हें अचानक चक्कर आया और वे गिर पड़े। आसपास मौजूद लोगों और दुकानदारों ने अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सक ने जांच के बाद राजवीर सिंह को मृत घोषित कर दिया।

## राशन की दुकान में आग लगाने का प्रयास



आग से क्षतिग्रस्त गेट।

**किरतपुर ( चिंगारी )।** चिंगारी को मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय मोहल्ला मिर्जापुर में कांति प्रकाश शर्मा की राशन की घेर के अंदर दुकान है। आज सुबह जब वह दुकान पर गए तो दुकान के गेट का कुछ हिस्सा जला हुआ मिला। पास में एक शराब का पव्वा मिला और एक पाटल मिली। कांति प्रकाश शर्मा ने बताया कि दरवाजे के बाहर प्लास्टिक की कुर्सी रखी थी, वह पूरी जल गई, गेट थोड़ा जल गया, मगर किस्मत से आग खुद बुझ गई अन्यथा अंदर रखा 50 कुंतल गेहूं जल जाता। शर्मा द्वारा 112 नंबर पर सूचना करने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## रास्ता दुर्गम, फिर भी कांवरती बोले बम-बम

**शेरकोट ( चिंगारी )।** क्षेत्र में कांवरियों का आवागमन तेज होने और जगह-जगह कांवरियों की सेवा हेतु शिविर लग जाने से वातावरण शिवमय बनता जा रहा है।

महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में हरिद्वार से कांवड़ लाने वाले शिव भक्त क्षेत्र से होकर गुजरते हैं। नगर में पहुंचने वाले अधिकतर कांवड़ती नगीना से जंगल के शोर्ट रास्ते से नंदगांव पहुंचते हैं और फिर मंधोरा मार्ग से हेरवली तिराहे पर आकर हाइवे से अपने ज्ञातव्य की ओर बढ़ जाते हैं। सोमवार से कांवड़ियों के आवागमन का सिलसिला कल शाम से तेज हो

**शिवमय हुआ वातावरण**



गया। इस अवसर पर जगह-जगह शिव भक्तों की सेवा के लिए शिविर भी लगाये गये है। इस बार नंदगांव से हेरवली तिराहे तक पहुंचने वाली लगभग तीन किलोमीटर की सड़क की हालत खराब होने और सड़क पर गड्ढों के साथ बजरी भी होने से कांवड़ियों को नंगे पांव चलने में दिक्कत पैदा कर रही है। लेकिन दुर्गम रास्ता होने के बाद भी शिवभक्त बम-बम भोले के जयकारों के बीच अपनी मंजिल की तरफ बढ़ते जा रहे हैं। कई स्थानों पर धर्मप्रेमियों ने शिविर लगाकर सेवा करनी शुरू कर दी है। सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाने के लिए क्षेत्र मे एक दर्जन से अधिक स्थानों पर पुलिस तैनात की गई है और थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार निरंतर गश्त कर रहे है। कांवड़ यात्रा शुरू होने से पूर्व मंधोरा मार्ग की मरम्मत ना कराए जाने से लोगों में रोष व्याप्त है।

# फादरसन स्कूल में हुआ आशीर्वाद समारोह का आयोजन




**चांदपुर ( चिंगारी )**। फादरसन पब्लिक स्कूल में कक्षा 10 एवं 12 के विद्यार्थियों के लिए आशीर्वाद कार्यक्रम के द्वितीय चरण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों के सफल भविष्य एवं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को अनुशासन, आत्मविश्वास और निरंतर परिश्रम का महत्व समझाया। विद्यार्थियों को तनाव से दूर रहकर सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा देने के लिए प्रेरित किया गया। शिक्षकों द्वारा दिए गए आशीर्वाद और शुभकामनाओं से विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ा। समारोह में भावनात्मक एवं प्रेरणादायक क्षण देखने को मिले, जिसने विद्यार्थियों को नई ऊर्जा और आत्मविश्वास प्रदान किया।

# एनकाउंटर की धमकी देकर मांगी रंगदारी, दो दरोगा निलंबित

**मेरठ ( एजेंसी/चिंगारी )**। उत्तर प्रदेश के मेरठ में पुलिस के दो दरोगाओं पर एक सूत/धागा कारोबारी से 21 लाख रुपये की रंगदारी वसूलने की पुष्टि होने पर दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें निलंबित कर दिया गया है। कार्रवाई के बाद दोनों आरोपी दरोगा फरार हो गए हैं और उनकी तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार लोहिया नगर थाने और उसके अंतर्गत आने वाली बिजली बंबा चौकी से संबंधित यह मामला सामने आया है। आरोप है कि यहां तैनात दो दरोगाओं लोकेंद्र साहू और मुकेश कुमार ने टीपी नगर/लिसाड़ी गेट क्षेत्र के एक सूत कारोबारी को हवाला लेन-देन के झूठे आरोप में फंसाने और एनकाउंटर की धमकी देकर करीब 21 लाख रुपये वसूल लिए। कारोबारी को लगभग डेढ़ दिन तक चौकी पर रोके रखने और परिजनों से मिलने नहीं देने की बात भी सामने आई है।






# ह्यूमन रिलीफ फाउंडेशन ट्रस्ट ने महिला स्वास्थ्य व स्वच्छता कार्यक्रम के तहत नि:शुल्क सैनेट्री पैड वितरण किये

रायपुर सादात (चिंगारी)। नगीना देहात क्षेत्र के ढकिया बावन सराय में सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहित की योजनाओं को सामाजिक संगठनों और सामाजिक ट्रस्ट द्वारा जमीन पर उतारकर सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। कुछ सामाजिक संगठन व ट्रस्टों द्वारा सरकारी अनुदान व उद्योगपतियों के आर्थिक सहयोग से इन योजनाओं को अमलीजामा पहनाया जाता है, वहीं कुछ सामाजिक संगठन व ट्रस्ट द्वारा अपने निजी संसाधनों से नि:स्वार्थ समाजसेवा कार्य किए जा रहे हैं।

रविवार को ह्यूमन रिलीफ फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा कोटद्वार से सटे अनुसूचित जनजाति गांव ढकिया बावन सराय में महिला स्वास्थ्य व स्वच्छता कार्यक्रम के तहत महिला स्वास्थ्य व स्वच्छता की जानकारी के साथ नि:शुल्क सैनेट्री पैड वितरण किया। कार्यक्रम में 16 वर्ष की बालिकाओं से अधिक आयु वर्ग से लेकर 40 वर्ष तक की महिलाओं को महिला स्वास्थ्य व स्वच्छता की जानकारी देते हुए सैनेट्री पैड वितरित किए गए। महिला स्वास्थ्य व स्वच्छता की जानकारी समाजसेवी पूनम बिष्ट व ट्रस्ट की कोषाध्यक्ष पूनम राणा द्वारा दी गई। कार्यक्रम में ट्रस्ट की उपाध्यक्ष जशोदा देवी, दिशा थापा, विनय थापा व पायल थापा की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तराखंड की लोक-संस्कृति को अपने डायरेक्शन में पहुंचाने वाले अंतरिक्ष नेगी ने ट्रस्ट के प्रमुख ट्रस्टी हफीज रहमान व महासचिव पुष्कर सिंह पवार के साथ रिबन काटकर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अंतरिक्ष नेगी ने कहा कि ह्यूमन रिलीफ फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा महिला स्वास्थ्य व स्वच्छता पर किया जा रहा प्रयास सराहनीय है। समाजसेवी पूनम बिष्ट ने भी महिलाओं को महिला स्वास्थ्य व स्वच्छता का महत्व बताते हुए कहा कि महिलाएं समाज की रीढ़ हैं, अगर रीढ़ कमजोर हो गई तो सारे कार्य अधूरे रह जाएंगे। ट्रस्ट के अध्यक्ष हफीज रहमान ने ट्रस्ट के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कहा कि ट्रस्ट महिला स्वास्थ्य व स्वच्छता के साथ बेरोजगार युवाओं को स्किल प्रशिक्षण, पर्यावरण, वृक्षारोपण व स्वरोजगार के लिए भी प्रोत्साहित करने के कार्यक्रम शुरुआत करने जा रहा है। जो लोग सामाजिक कार्यों में भागीदारी करने के इच्छुक हों वे सक्रिय वालिंटियर के रूप में मात्र 30 रुपये मासिक सहयोग कर ट्रस्ट में अपना सहयोग कर सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन ट्रस्ट के महासचिव पुष्कर सिंह पवार ने किया।

# अमेरिका व्यापार समझौता किसान को तबाह कर देगा

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। भारतीय किसान यूनियन ब्लॉक नजीबाबाद की मासिक बैठक गन्ना समिति प्रांगण में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष अजय बालियन ने किया। ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार ने कहा कि 21 फरवरी को नूरपुर ब्लॉक में किसान महापंचायत होगी जिसे चौधरी राकेश टिकैत संबोधित करेंगे। महापंचायत में किसानों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आव्हान किया गया। वक्ताओं ने मिलों में गन्ने की घटतौली रोकी जाने, चीनी मिल द्वारा किसानों को मैली मुफ्त दिये जाने, बिजली बिल में सभी उपभोक्ता को लाभ दिया जाने आदि की मांगें की गई। उन्होंने कहा कि अमेरिका व्यापार समझौता किसान को तबाह करेगा। बैठक में मंडल उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह, ब्लॉक उपाध्यक्ष रामेंद्र सिंह, ब्लॉक उपाध्यक्ष साजिद हुसैन, अर्जेंद्र सिंह, सोमवीर, अजीत सिंह, जितेंद्र कुमार, डॉक्टर शरीफ, मोहम्मद इदरीश, शकील अहमद, कमलवीर, सुखजिंदर सिंह आदि मौजूद रहे।



# एसपी सिटी ने कांवड़तियों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )**। एसपी सिटी डॉ. कृष्ण गोपाल सिंह ने सोमवार को क्षेत्र के मोटा महादेव मंदिर पहुंचकर कांवड़ मेले का निरीक्षण कर कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने दूर दराज से आने वाले शिवभक्तों से बातचीत करते हुए उनका हालचाल जाना। एसपी सिटी ने मंदिर में जलाभिषेक कर भोले बाबा का आशीर्वाद भी लिया। एसपी सिटी ने कांवड़ मार्ग का निरीक्षण करते हुए कांवड़ियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए पुलिस को अलर्ट रहने के लिए निर्देशित किया। सीओ नितेश प्रताप सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार, मोटा महादेव पुलिस चैकी इंचार्ज सोनू सिंह, टीएसआई रवि नैन, पुजारी शशिनाथ मौजूद रहे।



शिवभक्तों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते एसपी सिटी।

# ट्रामा के सर्वाधिक मामले सड़क दुर्घटनाओं से जुड़े होते हैं : प्रो. मीनू सिंह

## एम्स व परिवहन विभाग ने निकाली जनजागरूकता रैली



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** सड़क सुरक्षा के प्रति आम लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से एम्स ऋषिकेश व परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नगर में जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। वर्चुअली माध्यम से रैली का उद्घाटन करते हुए संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने कहा ट्रामा के सर्वाधिक मामले सड़क दुर्घटनाओं से जुड़े होते है। ऐसे में मार्गों पर सुरक्षित ड्राइविंग के लिए जरूरी है कि हमें यातायात के नियमों की पूरी जानकारी हो और वाहन चलाते समय चालक ट्रैफिक नियमों का जागरूक रहकर पूरी तरह पालन करे। प्रो. सौरभ ने दुपहिया वाहन चालकों तथा छात्र-छात्राओं को भी इस अभियान से जोड़ने की आवश्यकता बताई।

कार्यक्रम के संयोजक व संस्थान के ट्रामा सर्जन डॉ. मधुर उनियाल ने इस अभियान को प्रत्येक जनपद में संचालित करने की बात कही। उन्होंने बताया कि इस रैली का उद्देश्य दुर्घटनाओं को कम करना और यातायात नियमों के प्रति आम लोगों को जागरूक करना है। कार्यक्रम को प्रो. कमर आजम तथा प्रो. के. गणपति, एआरटीओ रश्मि पंत, रावत सिंह ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर 'सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा' के तहत यातायात नियमों के पालन की शपथ भी दिलाई गई। संस्थान के गेट नं. 2 से निकाली गई रैली कोमल घाटी तिराहे से होकर नेपाली फार्म पर समाप्त हुई। रैली में एम्स के अनिता रानी कंसल, डॉ. श्रीलोय महंती, उमेश शर्मा, विनय पाल सिंह भाटी, शशिकांत, अखिलेश उनियाल, ताराचन्द आदि सहित लोनिवि, यातायात पुलिस, परिवहन विभाग के प्रतिनिधि शामिल रहे।

## बॉलीबॉल प्रतियोगिता में एमकेवीएन की छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखण्ड सरकार की ओर से महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स स्टेडियम देहरादून में 8 से 10 फरवरी तक आयोजित खेल महाकुम्भ-2026 के अंतर्गत राज्य स्तरीय अण्डर-19 बालिका मुख्यमंत्री बालीबाल प्रतियोगिता में एमकेवीएन सीनियर सेकेण्डरी स्कूल कण्वघाटी की कक्षा 11वीं की छात्रा तराना रावत, अनुष्का रावत तथा कक्षा 9वीं की छात्रा तानिया रावत ने जनपद पौडी गढ़वाल की टीम से प्रतिभाग करते हुए शानदार प्रदर्शन किया तथा राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यह जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य सुनीता नैथानी ने बताया कि जनपद स्तरीय बालीबाल कोच सूरज रमोला के मार्गदर्शन में टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर छात्राओ को समस्त विद्यालय परिवार ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## शिवरात्रि के उपलक्ष्य में ब्रह्माकुमारीज ने रुड़की में निकाली प्रभातफेरी




**रुड़की ( चिंगारी )।** ब्रह्माकुमारीज के महावीर एनक्लेव स्थित सेवा केंद्र से शिवरात्रि के उपलक्ष्य में आज सुबह भव्य शोभायात्रा के साथ प्रभातफेरी निकाली गई। राजयोगिनी बीके गीता ने शोभायात्रा को शिव ध्वज लहराकर रवाना किया। इससे पूर्व ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र पर शिव ध्वज फहराने के साथ ही रुड़की के शिव पुरम में भी सतीश भाई के नवनिर्मित भवन पर ईश्वरीय महावाक्य सुनाये गये व शिव ध्वजारोहण हुआ। शिव शोभायात्रा व प्रभातफेरी सेवा केंद्र से शुरू होकर गणेश चौक, गणेशपुर होते हुए शेखपुरी, सुभाष नगर,शिव पुरम पहुंची। सफेद वस्त्रों में संस्था से जुड़े भाई बहनों ने सदसन्देश देते स्लोगन की पट्टिकाएं हाथों में लेकर आम जन से बुराइयां छोड़ने व अच्छाई अपनाने की अपील की। इस अवसर पर बीके दीपिका, बीके सपना, बीके पारुल, श्रीगोपाल नारसन, रामकुमार, भोपाल सिंह, शिवकुमार, कुसुम, रेखा, अमरेश, अनिल, ब्रजपाल, कृष्ण छाबड़ा आदि मौजूद रहे।

## वन रैंक, वन पेंशन विसंगतियों को दूर करने की मांग की

### पूर्व सैनिकों ने पीएम व सीएम को भेजे ज्ञापन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** पूर्व सैनिक संघर्ष समिति ने वन रैंक, वन पेंशन विसंगतियों का समाधान करने, यूजीसी के नए नियमों को रद्द करने, शहर के सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग को लेकर मंगलवार को एसडीएम संदीप कुमार के माध्यम से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजे। समिति से जुड़े पूर्व सैनिक मंगलवार को मालवीय उद्यान में एकत्र हुये। यहां से वे समिति के अध्यक्ष महेंद्रपाल सिंह रावत के नेतृत्व में तहसील पहुंचे और उपजिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किये। इस अवसर पर वक्ताओं ने केंद्र सरकार व आयोग से वन रैंक, वन पेंशन विसंगतियों को दूर करने की मांग की। कहा कि यूजीसी के नए प्रावधानों पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। केंद्र सरकार को चाहिए कि वह इन प्रावधानों को रद्द कर आने वाली पीढ़ियों के लिए एक नजीर पेश करे। कहा कि वर्तमान में कुछ लोगों द्वारा शहर के सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इसके सूत्रधारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में मेहरबान सिंह, अनसूया प्रसाद सेमवाल, सुषमा भट्ट, देवेंद्र सिंह रावत, देवेंद्र सिंह बिष्ट, गोपाल सिंह, जीत सिंह, ठाकुर सिंह, अनसूया प्रसाद गोस्वामी, शूरवीर खेतवाल, त्रिलोक सिंह, ओमप्रकाश, प्रकाश रावत आदि शामिल रहे।

## पार्क का देखकर बुरा हाल वृद्धजन लौट आते तत्काल

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत लालपुर घराट मंदिर के निकट स्थित पार्क की दुर्दशा पर स्थानीय बुजुर्गों और लोगों ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि शिकायत के बाद भी पार्क की हालत को ठीक नहीं किया जा रहा है। मंगलवार को स्थानीय निवासी बजुर्ग गोपाल गुसाई, सुरेंद्र सिंह, भगवंत सिंह व पदम सिंह ने बताया कि पार्क में रोजाना कई वृद्धजन टहलने और सुकून के कुछ पल गुजारने पहुंचते हैं लेकिन पार्क की दुर्दशा को देखकर शीघ्र वापस लौट जाते हैं। बताया कि स्थानीय स्तर से लेकर शासन स्तर तक पार्क का सौंदर्यीकरण कराने की वृद्धजन की मांग की लगातार अनदेखी हो रही है। वहीं सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी गोपाल सिंह गुसाईं ने बताया कि उन्होंने कुछ दिन पूर्व ही वन मंत्री को पार्क के सौंदर्यीकरण को लेकर पत्र लिखा है। मौके पर सभी लोगों ने स्थानीय शासन व प्रशासन से पार्क की स्थिति को ठीक करने की मांग की।

## कक्षा 12 के विद्यार्थियों को भावपूर्ण विदाई दी



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** पदमपुर मोटाढाक स्थित इण्टरमीडिएट कॉलेज मोटाढाक में 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया, प्रवक्ता (हिन्दी) सुश्री आरती कावडा द्वारा बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में अंशिका एवं दिशान्त के 'स्टूडेंट ऑफ दि ईयर' के खिताब से नवाजा गया। सोमवार को विद्यालय परिसर में कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. महावीर सिंह बिष्ट द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के आगे द्वीप प्रज्जवलन करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। उन्होंने अपने वक्तव्य में विद्यार्थियों को अनुशासन व मद्यनिषेध के विषय में बताया। इस दौरान कार्यक्रम में बच्चों ने गढ़वाली, पंजाबी, हिन्दी गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति दी। कक्षा 12वीं के छात्र हिमांशु द्वारा मनमुग्ध करने वाले गीत पर सभी झूम उठे। प्रियांशु कुकरेती व साहिल को दि ग्राउड ब्रेकर मिस्टर फेयरवैल हिमांशु व वैष्णवी को दिया गया। लीजेन्ट ऑफ दि ईयर-प्रियांशु को दिया गया। कार्यक्रम का संचालन आकांक्षा व अमित ने किया।

## सीनियर्स छात्र-छात्राओं को दी जूनियर्स ने भावपूर्ण विदाई

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत तीलू रौतेली चौक स्थित राजकीय इंटर कालेज में मंगलवार को इंटरमीडिएट के बोर्ड के छात्र- छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

इस दौरान अन्य कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने इंटर के विद्यार्थियों के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को बोर्ड परीक्षा से संबंधित टिप्स देते हुए कहा कि तनावमुक्त होकर परीक्षा देनी चाहिए। साथ ही समय प्रबंधन पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। इससे परीक्षा देने में परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता। तत्पश्चात अन्य कक्षाओं के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये और विभिन्न गतिविधियों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य नागेंद्र सिंह चौहान व शिक्षक मुकेश रावत, डॉ. पदमेश बुडाकोटी, मनमोहन सिंह चौहान, दीपक नौटियाल, सीतांशु खुगशाल, डबल सिंह रावत, देवेंद्र कुमार रावत, नेत्रपाल सिंह,सरिता रौतेला, मनमोहन सिंह रौतेला, श्रीशचंद्र तिवारी, संतोष सिंह नेगी, जितेंद्र प्रसाद, अनूप नेगी, जयकृत नेगी सहित सभी शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# यूपी में देश का 65 फीसदी मोबाइल फोन प्रोडक्शन

## योगी सरकार का बजट : 15 लाख करोड़ का आया निवेश

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने दसवां बजट पेश किया। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत किया। विधान चुनाव से पहले यह दूसरे कार्यकाल का आखिरी पूर्ण बजट है। वित्त मंत्री ने सदन में 9.12 लाख करोड़ का बजट पेश किया। इसमें निवेश, रोजगार, बुनियादी विकास और कल्याणकारी योजनाओं पर फोकस किया गया है। वित्त मंत्री ने बताया कि अब तक लगभग 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश की लगभग 16 हजार से अधिक परियोजनाओं के चार ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह सम्पन्न हो चुके हैं। उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बड़ा मोबाइल फोन विनिर्माण केन्द्र है। देश के कुल मोबाइल फोन उत्पादन का 65 प्रतिशत उत्पादन प्रदेश में होता है। भारत की 55 प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक्स कम्पोनेन्ट्स इकाईयां प्रदेश में स्थित हैं। प्रदेश का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 44,744 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। उद्योग और तकनीक में निवेश के साथ ही प्रदेश में नवाचार को बढ़ावा देने हेतु किए गए प्रयासों के फलस्वरूप उत्तर प्रदेश राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर स्टार्ट अप रैंकिंग में लीडर श्रेणी की रैंकिंग हासिल हुई है।

### कृषि उत्पादन में उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर

वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने जानकारी दी कि कृषि उत्पादन में उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है। युवाओं को रोजगार के लिए प्रशिक्षण पर हमारा लक्ष्य है। यूपी में एग्री एक्सपोर्ट हब बनाए जाएंगे। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत लगभग लाखों किसानों को फायदा पहुंचा गया। हमारी सरकार ने रिकॉर्ड गन्ना भुगतान किया है। हमारी सरकार के पिछले और वर्तमान कार्यकाल में प्रदेश का सर्वांगीण विकास हुआ है, चाहे कानून व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण हो, अवस्थापना सुविधाओं का विस्तार हो, औद्योगिक निवेश हो, रोजगार सृजन हो, महिलाओं का सशक्तीकरण हो, युवाओं का कौशल संवर्धन हो, किसानों की खुशहाली हो, गरीबी उन्मूलन हो।



आवश्यकता है
जे.पी. ऑटोमोबाइल्स
(हीरो मोटो कॉर्प शोरूम)
Hero
हल्दौर को सर्विस सुपरवाइजर की आवश्यकता है। हीरो की सभी गाड़ियों पर फाइनेंस की सुविधा न्यूनतम ब्याज दर पर उपलब्ध है।
सम्पर्क करें- मो. 9359796698, 9528850309, 9634549679



बिजनौर जनपद में
एक मात्र CEAT TYRE STOP
कोई भी रोड, कोई भी लोड
ट्रैक्टर, कार, मोटर साईकिल, स्कूटर
लेटेस्ट मशीन द्वारा एक्यूरेसी
कार के लिये अलाईनमेन्ट, बैलेंसिंग
टायर फिटिंग एवं नाइट्रोजन


ON-THE-SPOT CLAIM RESOLUTION | UNCONDITIONAL WARRANTY * | COMPUTERISED TYRE SERVICE
Authorised Dealer : CEAT Ltd.
KHANNA MOTORS & DIESEL ENGINEERING WORKS
*नियम व शर्तें लागू
नगीना रोड, ऐश्वर्य होटल के सामने जी.के. मार्केट, बिजनौर
मो. 9149075426, 9760110452 फोन. 01342-263312
आवश्यकता है- अनुभवी, कुशल युवक की
आकर्षक वेतन योग्यतानुसार।



TEACHERS REQUIRED
PRAKASH PUBLIC SCHOOL
(An English Medium Co-Educational School)
Dayalwala Road, Mandawar (Bijnor)
Invites Applications for
TGT & PGT TEACHERS
TGT Classes 1 to 8
- All Subjects
PGT Classes 9 to 12
- English
- Mathematics
- Physical Education (PHE)

Eligibility Criteria:
- Graduate / Post Graduate in relevant subject
- B.Ed. preferred
- Good English Communication Skills
- Teaching Experience Preferred
CONTACT US: 6396142844
Dayalwala Road, Mandawar (Bijnor)
Walk-In Interviews: Apply Now!



ST. PAUL'S INTER COLLEGE MANDAWAR
सन्त पॉल्स इण्टर कॉलेज
मण्डावर
मान्यवर आपको जानकर बड़ा हर्ष होगा कि सन्त पॉल्स इण्टर कॉलेज मण्डावर में कक्षा नर्सरी से कक्षा-7 में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन किये जा रहे हैं। अतः आप शीघ्र अपने बच्चों का प्रवेश सुनिश्चित करा लें। धन्यवाद।

रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ तिथि- 20 जनवरी 2026
प्रातः - 11 बजे से 01 बजे तक
विद्यालय की उपलब्धियाँ/विशेषतायें
- सस्ती उत्तम गुणवत्ता परक शिक्षा।
- योग्य अनुभवी व प्रशिक्षित शिक्षकगण।
- वर्ष 2011 से लगातार 100 प्रतिशत रिजल्ट।
- संस्कारिक व अनुशासित शिक्षा प्रणाली।
- आधुनिक तकनीकी युक्त कम्प्यूटर लैब, स्मार्ट क्लास की व्यवस्था।
- भौतिक, रसायन व जीवविज्ञान तथा गृहविज्ञान की उत्तम प्रयोगशालाएं।
- समय-समय पर खेल प्रतियोगिता, सांस्कृतिक प्रतियोगिता व निबन्ध/प्रश्नोत्तरी की व्यवस्था एवं खेल कूद हेतु विशाल मैदान की व्यवस्था।
- सुरक्षा की दृष्टि से सी.सी.टी.वी. कैमरों की व्यवस्था।
- बारहवीं (इण्टर) तक मान्यता प्राप्त विद्यालय।
प्रवेश प्रारम्भ कक्षा नर्सरी से कक्षा-1

अधिक जानकारी के सम्पर्क करें: मो0 8679283405, 8958548070